22 May -26 page 1 21-05-26 11:02 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली शुक्रवार 22 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 149 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




**लाडवा जनसंवाद : 19 बार शिकायत के बाद भी नहीं मिला न्याय**

## महिला की सुसाइड की चेतावनी पर सीएम नायब सैनी का बड़ा एक्शन

### पुलिस को आरोपियों पर केस दर्ज करने के दिए आदेश



**कुरुक्षेत्र।** सीएम सैनी ने महिला की शिकायत सुनकर मौके पर मौजूद बिजली निगम के एक्सईएन को फटकार लगाई। वहीं, एसडीएम को मामले के जांच करने के आदेश दिए।

कुरुक्षेत्र के लाडवा में सीएम सैनी ने गुरुवार को जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान वहां पर एक शिकायतकर्ता महिला अपनी समस्या लेकर आई। उसने कहा मेरे खेत के रास्ते पर अधिकारियों से मिलीभगत कर एक किसान ने कब्जा कर लिया है। बिजली के खंभे तक लगवा दिए गए हैं जिससे खेत में जाने का रास्ता बंद हो गया जिससे वह अब खेती नहीं कर पा रही है। महिला ने बताया कि अब तक वह इस समस्या की 19 बार शिकायत दे चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**महिला ने कहा-बेटे के साथ कर लूंगी सुसाइड :** बिलखते हुए मेहरा गांव की प्रियंका ने मुख्यमंत्री के समक्ष यह दास्तां सुनाई और कहा कि अब भी उसे अगर न्याय नहीं मिला तो वह अपने बेटे के साथ पुलिस थाने में जाकर जहर खा लेगी। महिला की यह स्थिति देख मुख्यमंत्री ने उन्हें शांत कर करवाया।

सीएम सैनी वहां मौजूद बिजली निगम के एक्सईएन को फटकार लगाई। यही नहीं इस मामले की एसडीएम को जांच के आदेश भी दिए। यहीं नहीं पुलिस को आरोपियों के खिलाफ महिला को धमकाने को लेकर केस दर्ज करने को भी कहा। मुख्यमंत्री के समक्ष महिला ने कहा कि उन्होंने कई वर्ष पहले बकाली में करीब सात एकड़ जमीन ली थी। इसकी मलकियत में ही रास्ता भी तय था। यहां जमीन लेना कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा और उन्होंने एसडीओ से मिलकर खेत के रास्ते में बिजली का ट्रांसफार्मर और खंभे लगवा दिए।

## जनगणना 2027 का बिगुल: आज से घर-घर पहुंचेगी टीम

**5 हजार प्रगणक-सुपरवाइजर करेंगे मकान सूचीकरण, नगर आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश**

### बिना ड्यूटी बैग पहुंचे प्रगणकों पर मुकदमें की चेतावनी



**22 मई से 20 जून तक चलेगा पहला चरण, 3885 ब्लॉकों में बांटा गया निगम क्षेत्र**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में आज से घर-घर जाकर मकान सूचीकरण की कार्रवाई शुरू होने जा रही है। अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने चार्ज अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर पूरी प्रक्रिया को त्रुटिहीन ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सभी संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन प्रगणकों और सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है, वे अनिवार्य रूप से अपने-अपने चार्ज अधिकारियों से ड्यूटी बैग प्राप्त करें। बिना ड्यूटी बैग कार्यस्थल पर पहुंचने या अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ जनगणना अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर तक दर्ज कराई जा सकती है।

### 3885 ब्लॉकों में होगा सर्वे, हर घर पहुंचेगी टीम

**करंट क्राइम :** नगर जनगणना अधिकारी एवं अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 मई से 20 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य चलेगा। इसके लिए नगर निगम सीमा क्षेत्र को 3885 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। करीब 5000 प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारियों को पूर्व में प्रशिक्षण दिया जा चुका है और अब उन्हें पूरी जिम्मेदारी व अनुशासन के साथ कार्य करना होगा। जो कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही बरतेंगे या उपस्थिति दर्ज नहीं कराएंगे, उनके खिलाफ जनगणना अधिनियम की धारा 5 और 11 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### शहरवासियों से सहयोग की अपील

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए शहरवासियों से अपील की कि वे घर पहुंचने वाली टीम को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं और सहयोग करें, ताकि मकान सूचीकरण का कार्य सुचारु रूप से पूरा हो सके। बैठक में गाजियाबाद नगर निगम के प्रभारी जनगणना अधिकारी डॉ अनुज भी उपस्थित रहे।

## पीक ऑवर में सड़कों पर उतरे एडीसीपी ट्रैफिक दिल्ली-नोएडा बॉर्डर रूटों का किया निरीक्षण

### जाम से राहत दिलाने के लिए सड़क पर दिखी ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता, अफसरों को दिए सख्त निर्देश






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पीक ऑवर में दिल्ली और नोएडा से गाजियाबाद आने वाले मार्गों पर बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए एडीसीपी स्वयं सड़क पर उतरे और विभिन्न प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित और बाधारहित बनाए रखने के लिए मौके पर तैनात अधिकारियों व यातायात कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसीपी ट्रैफिक ने उन क्षेत्रों का विशेष निरीक्षण किया जहां शाम के समय वाहनों का दबाव अधिक रहता है और जाम की स्थिति बनने की आशंका बनी रहती है। आसपास के व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक लोड को नियंत्रित करने के लिए मौके पर प्रभावी यातायात प्रबंधन कराया गया ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य और डायवर्जन वाले स्थानों की स्थिति भी परखी गई। संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी हालत में यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। एडीसीपी वरुण कुमार सिंह ने ड्यूटी पर तैनात यातायात कर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने, जाम की स्थिति बनने पर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने तथा लगातार मॉनिटरिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक यातायात दबाव के बावजूद वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना प्राथमिकता है, जिससे आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## बयान पर घिरे सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी, माफी मांगने के बाद टला घेराव

**गलत बयानी**

**विनोद राठी के आवास पर हुई मंत्रणा में जाट और गुर्जर समाज से मांगी माफी, 22 मई का कार्यक्रम स्थगित**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा जाट एवं गुर्जर समाज की माता-बहनों को लेकर दिए गए कथित अभद्र बयान के विरोध में चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन की लीगल टीम के राष्ट्रीय महासचिव विनोद राठी के आवास पर बैठक कर पूरे मामले पर चर्चा की। बैठक में जाट एवं गुर्जर समाज के जिम्मेदार लोगों ने राजकुमार भाटी से उनके बयान पर स्पष्टीकरण मांगा। इस दौरान राजकुमार भाटी ने दोनों समाज की माता-बहनों से माफी मांगते हुए भविष्य में इस प्रकार के बयान न देने की बात कही। इसके बाद सहमति बनते हुए राष्ट्रीय जाट महासभा भारत द्वारा 22 मई को प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया।

राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की ओर से बताया गया कि समाज के सम्मान से जुड़े इस मुद्दे पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं तथा जाट एवं गुर्जर समाज के लोगों ने एकजुट होकर समर्थन दिया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय महासचिव आनंद चौधरी, लीगल सेल के संरक्षक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता भूपेंद्र चौधरी, लीगल सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र तोमर, राष्ट्रीय महासचिव विनोद राठी तथा गाजियाबाद जिलाध्यक्ष सुधीर बाहुबली सहित अन्य जिम्मेदार सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रीय जाट महासभा भारत ने इस मुद्दे पर समर्थन देने वाले सभी सामाजिक संगठनों, माताओं-बहनों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।


## सुबह-सुबह धुएं से भर गया पूरा मॉल, चालू होता शो तो मच सकती थी चीख-पुकार और भगदड़

### सीएफओ राहुल पाल बोले, कुछ मिनट की देरी भी कई जिंदगियां खतरे में डाल सकती थी









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भीषण गर्मी के मौसम में रोजाना आग लग रही है। गुरुवार को पैसेफिक मॉल में सुबह लगी भीषण आग ने एक बार फिर बड़े मॉल और मल्टीप्लेक्स की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राहत की बात सिर्फ इतनी रही कि हादसे के वक्त कोई शो चालू नहीं था, वरना धुएं और भगदड़ के बीच हालात भयावह हो सकते थे। सुबह करीब 7:21 बजे फायर विभाग को सूचना मिली कि पैसिफिक मॉल के सिनेमा हॉल के प्रोजेक्टर रूम में आग लग गई है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और मूवी हॉल सहित पूरे मॉल में धुआं फैल गया। धुएं की मोटी परत के कारण मॉल के अंदर मौजूद कर्मचारियों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वैशाली और कई फायर यूनिट मौके पर पहुंचीं। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली और साहिबाबाद से भी अतिरिक्त दमकल गाड़ियां रवाना की गईं। वहीं कुल 10 फायर टेंडर्स और मॉल के फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दमकल कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर पंपिग सेट पहनकर धुएं से भरे सिनेमा हॉल में प्रवेश किया। फायर टीम ने होज पाइप की 8 लाइनें बिछाई और तेजी से फैल रही आग को आसपास की दुकानों और ऑडी तक पहुंचने से पहले रोक लिया। अगर आग कुछ देर और बेकाबू रहती तो पूरा मॉल इसकी चपेट में आ सकता था। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि यह हादसा सिर्फ आग लगने की घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा इंतजामों की बड़ी परीक्षा थी। उन्होंने कहा कि सुबह का समय होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। अगर उस समय सिनेमा में शो चल रहा होता तो धुएं के कारण भगदड़, दम घुटने और कई लोगों के फंसने जैसी स्थिति बन सकती थी।

घटना के बाद मॉल में मौजूद फायर सेफ्टी सिस्टम, इमरजेंसी रिस्पॉन्स और सुरक्षा मानकों की भी जांच की चर्चा तेज हो गई है।

लोगों का कहना है कि बड़े मॉल और मल्टीप्लेक्स में नियमित फायर ऑडिट और सुरक्षा उपकरणों की सख्त मॉनिटरिंग बेहद जरूरी है, क्योंकि छोटी सी लापरवाही सैकड़ों लोगों की जान जोखिम में डाल सकती है।

फिलहाल आग पूरी तरह बुझा दी गई है और एग्जॉस्ट सिस्टम की मदद से मॉल से धुआं बाहर निकाला गया। इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन घटना ने यह साफ कर दिया कि समय रहते कार्रवाई न होती तो गाजियाबाद एक बड़े हादसे का गवाह बन सकता था।

## जिले के किस विधायक का नाम चल रहा है लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सुर्खियों में

### प्रदेश वाली टीम से लेकर मोर्चे के प्रमुख वाली लिस्ट में आ सकता है उनका नाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवागढ़ में सभी जनप्रतिनधि अपनी पारी को पूरी जिम्मेदारी से खेल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि जिले में एक विधायक ऐसे हैं जो ऑलराउन्डर खिलाड़ी के रूप में आ गये है। इन विधायक के बारे में दैनिक करंट क्राइम ने पहले भी संकेत दिये थे। ये विधायक एक्टिव मोड में हैं और एकस्ट्रा एनर्जी के साथ काम करते हैं। आम तौर पर एक जनप्रतिनिधि के रूप में किसी विधायक की ये तमन्ना होती है कि वो पार्ट ऑफ सरकार बने, मिनिस्ट्री वाला पॉर्टफोलियो मिले। मगर जिन विधायक का जिक्र हो रहा है वो विधायक संगठन वाली पारी में भागीदारी चाहते हैं। विधायक जी गाजियाबाद के हैं और उनका नाम लखनऊ से लेकर दिल्ली तक गूंज रहा है। सूत्रों की मानें तो विधायक जी का नाम प्रदेश वाली टीम से लेकर एक मोर्चे के प्रमुख वाले पैनल में चल रहा है ये नाम सुर्खियों में है और भाजपा की प्रदेश टीम घोषित होते ही विधायक जी एक बड़ा सरप्राईज दे सकते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही संकेत दिये थे और अब एक्टिव मोड के ये विधायक जी यूथ वाली ताकत के साथ मजबूत दिख सकते हैं। इंतजार घोषणा का हो रहा है और विधायक जीअपने समर्थकों से लेकर अन्य नेताओं को सरप्राईज दे सकते हैं।

## किस बड़े अधिकारी की वजह से अंदर से बाहर आया इनपुट किस वजह से होना पड़ा था भाजपा के जनप्रतिनिधियों को एकजुट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में पावर का अलग ही जलवा होता है। राजनीति में सरकार का एक अलग ही अर्थ होता है। लेकिन सरकार हो और उसके बाद भी सरकार से जुड़े किसी भी व्यक्ति के साथ किसी अफसर का दुर्व्यवहार वाला मामला हो जाये तो तकरार बढ जाती है। किस्सा डाक बंगले से बाहर निकलकर आया है जिसमें सभी जनप्रतिनिधि एक साथ बैठे थे। डाक बंगले की दीवारों पर सभी के कान लगे थे। एक दौर था जब साहब का समय था और उस समय एक जुटता जनप्रतिनिधियों ने दिखाई थी। लेकिन फिर समय के साथ साथ इस एकजुटता में गुटता नजर आने लगी। किसी का सियासी कद हैवीवेट हो गया तो कोई केन्द्र के पावर से कनैक्ट हो गया। पहले लंच भी एक साथ हो जाता था अब नाश्ते पर भी एकजुट नही होते हैं। बैठकों में मुलाकात हो गयी तो अभिवादन का सीन है वरना रिश्तों में गरमजोशी वाला मामला तो उदासीन है। लॉबिंग चल रही है और निकटता का दिखावा है। कोई पावर सेंटर बन गया तोकहीं कमान्डर आ गये कहीं योद्धा है। एक जनप्रतिनिधि ने तो अपनी अलग ही लाईन खींच रखी है। लेकिन कई बार कुछ बातें ऐसी हो जाती है कि एक झटके में पूरा कुनबा एकजुट हो जाता है। कई बार फिर से यूनिटि की नौबत आती है। ऐसा ही नजारा डाक बंगले वाली बैठक में दिखाई दिया। सूत्र बताते हैं कि एक जनप्रतिनिधि के प्रिय व्यक्ति के परिवार के किसी सदस्य का एक पुलिस वाले से काम पड़ गया। सुना है कि जनप्रतिनिधि के प्रिय व्यक्ति के परिवार का ये सदस्य पुलिस की रडार पर आ गया। बताते हैं कि कहानी साजन चले ससुराल वाली हो गयी। अब जब ये बात जनप्रतिनिधि का प्रिय व्यक्ति जनप्रतिनिधि तक लेकर पहुंचा तो वो भी हैरान हो गये। बताया जाता है कि जिस व्यक्ति से जुड़ा ये मामला है वह दो जनप्रतिनिधियों का प्रिय है। जनप्रतिनिधि के प्रिय ने अपनी बात साहब के सामने रखी। बताते हैं कि साहब को ये बात बिल्कुल अच्छी नहीं लगी। इसके बाद साहब ने फेवर करने के बजाये अपने तेवर बदल लिये। साहब ने कड़क शब्दों में कहा कि ये जो सिफारिशों के फोन करा रहे हो अगर हम इस केस को खोलेंगे तो तुम्हारे सिफारसियों के नाम प्रैस कॉन्फ्रैस में लेंगे। मानना या ना मानना भी चलता रहता है लेकिन सिफारिश करने जनप्रतिनिधि के नाम प्रैस कॉन्फ्रैंस में कहने की बात जब अधिकारी के मुंह से निकली तो सब चौंक गये। बताते हैं कि इसके बाद आपस में एक दूसरे को फोन हुए और इस बात पर एक राय बनी कि क्या अब जिले के अधिकारी सिफारिश करने वाले जनप्रतिनिधियों के नाम प्रैस कॉन्फ्रैस में लेकर पॉलिटिकली चीर हरण करेंगे। बताते हैं कि सभी एकजुट हो गये और फिर डाक बंगले वाली बैठक में अधिकारी भी बुलाये गये। सब एकसाथ बैठे और दरवाजा बंद था। अंदर के शब्द बाहर आ गये हैं। पता चला कि डाक बंगले पर सामुहिक रूप से जनप्रतिनिधियों ने इस बात पर नाराजगी प्रकट की कि अब तुम प्रैस कॉन्फ्रैंस करके अब क्या हमारा नाम रखोगे। सूत्र बताते हैं कि यहां अफसरों ने भी तर्क दिये। अपना पक्ष रखा। बहरहाल इस मामले में जनप्रतिनिधि के करीबी व्यक्ति के रिश्तेदार को राहत तो मिल गयी है लेकिन अभी मामले में पेंच फंसा हुआ है। पत्र में सबकुछ क्लियर है मगर इस मामले में एक फाईल अटकी हुई है। किस्सा भाजपा के बड़े दरबारों में गूंज रहा है।

## 44 डिग्री की तपिश में धूं-धूं कर जली स्कॉर्पियो, मिनटों में बनी आग का गोला

### चलती गाड़ी से कूदकर चालक ने बचाई जान, देखते ही देखते सड़क पर मचा हड़कंप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में भीषण गर्मी और 44 डिग्री के पार पहुंचे तापमान के बीच वाहनों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार शाम कविनगर थानाक्षेत्र के डी-ब्लॉक के निकट एक चलती स्कॉर्पियो अचानक आग का गोला बन गई। आग इतनी तेजी से फैली कि चालक को जान बचाने के लिए चलते वाहन से कूदना पड़ा। इस दौरान उसके कपड़ों में भी आग लग गई, हालांकि वह बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कॉर्पियो से पहले धुआं निकलना शुरू हुआ और कुछ ही सेकंड में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग को बुलाया गया, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक पूरी स्कॉर्पियो जलकर खाक हो चुकी थी। घटना के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। राहगीर और स्थानीय लोग आग की वीडियो बनाते रहे, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि



शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या अत्यधिक गर्मी माना जा रहा है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। तेज गर्मी के चलते जनपद में वाहनों और प्रतिष्ठानों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अग्निशमन विभाग ने वाहन चालकों को नियमित वायरिंग जांच और सावधानी बरतने की सलाह दी है।



# यूपी में सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले! 2% महंगाई भत्ता बढ़ाया गया

**गुड न्यूज**

**महंगाई भत्ता का भुगतान एक जनवरी 2026 की तिथि से दिया जाएगा**




**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों के लिए गुड न्यूज आई है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दे दिया है। सरकार राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता यानी डीए में 2 फीसदी की वृद्धि की है। इसके साथ ही अब महंगाई भत्ता बढ़कर 58 से 60 फीसदी हो गया। सबसे बड़ी बात यह है कि राज्यकर्मियों की मई माह की सैलरी से 2 फीसदी बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता जुड़कर आएगा। महंगाई भत्ता का भुगतान एक जनवरी 2026 की तिथि से दिया जाएगा। इस प्रकार मई की सैलरी के साथ बकाया आने की भी घोषणा की गई है। इस संबंध में सरकार के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से गुरुवार को शासनादेश जारी कर दिया गया। दरअसल, पिछले दिनों केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के वेतन में महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान किया था। केंद्रीय कर्मियों का डीए बढ़ने के बाद प्रदेश के 16 लाख कर्मचारियों को भी महंगाई भत्ता बढ़ने का इंतजार था। अब उनका इंतजार पूरा हो गया है। राज्य सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सभी 16 लाख राज्यकर्मियों और अधिकारियों को इसका लाभ मिलेगा। डीए बढ़ोत्तरी को लेकर सरकार की ओर से 17 मई को आदेश जारी किया गया। इसमें डीए दरों के संशोधन का जिक्र किया गया है।

दो फीसदी डीए वृद्धि का लाभ प्रदेश के पूर्णकालिक नियमित राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं कर्मचारियों को मिलेगा। इनके साथ ही यूजीसी वेतनमान में कार्यरत पदधारकों को भी डीए वृद्धि का लाभ मिलेगा।

**वेतन के साथ भुगतान :** सरकार ने साफ किया है कि एक जनवरी 2026 से देय धनराशि का भुगतान मई माह के नियमित वेतन के साथ नकद किया जाएगा।

## 274 पर्वतारोहियों ने की चढ़ाई, तीन भारतीय भी शामिल

**काठमांडू।** नेपाल में स्थित माउंट एवरेस्ट पर 274 पर्वतारोहियों ने सफलतापूर्वक चढ़ाई की। इसमें तीन भारतीय भी शामिल हा। जिन्होंने एक दिन में सबसे अधिक चढ़ाई का नया रिकॉर्ड बनाया। सभी 274 पर्वतारोही बुधवार को 8,848.86 मीटर की चोटी पर पहुंच गए। नेपाल में अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि राम भंडारी ने बताया कि 150 नेपाली शेरपाओं सहित ये पर्वतारोही एक ही दिन में शिखर पर पहुंच गए। विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली टीम में शामिल तीन भारतीय पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी, संदीप अरे और अजय पाल सिंह धालीवाल हैं। उन्होंने कहा कि यह इस वसंत ऋतु में एवरेस्ट शिखर पर पहुंचने वालों की ओर से बनाया गया नया रिकॉर्ड है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि 502 पर्वतारोहियों ने 2026 के वसंत में एवरेस्ट पर चढ़ाई करने की अनुमति प्राप्त कर ली है।

## कॉकरोच जनता पार्टी: पांच दिन में इंस्टा पर भाजपा और कांग्रेस दोनों को पीछे छोड़ा

**आक्रोश**

**सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की हाल ही में एक मामले की सुनवाई करते हुए की गई टिप्पणी चर्चा में**




**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत की हाल ही में एक मामले की सुनवाई करते हुए की गई टिप्पणी चर्चा में है। एक वकील की याचिका की सुनवाई के दौरान उन्होंने बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच की तरह बताया था। बाद में उन्होंने सफाई भी दी और कहा कि उन्होंने सिर्फ फर्जी डिग्री वालों की आलोचना की थी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें युवाओं पर गर्व है। हालांकि, उनके कॉकरोच वाले बयान से लेकर उनकी सफाई के बीच एक ऐसा घटनाक्रम हुआ, जो इस वक्त देशभर में वायरल ट्रेंड बन चुका है। यह ट्रेंड है- कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का, जिसे लेकर न सिर्फ सोशल मीडिया पर चर्चा जारी है, बल्कि महुआ मोइत्रा, मनीष सिसोदिया और अखिलेश यादव जैसे नेता तक इस पर बात कर रहे हैं।


15 मई को सीजेआई की कॉकरोच वाली टिप्पणी के बाद बनी इस पार्टी ने 21 मई आते-आते इंस्टाग्राम पर इसने फॉलोवर्स के मामले में देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा तक को पीछे कर दिया है। फिलहाल कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पेज पर 1.35 करोड़ फॉलोवर्स हैं। जो देश के दोनों बड़े राजनीतिक दलों से ज्यादा है। भाजपा के 88 लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। वहीं, कांग्रेस के फॉलोवर्स की संख्या 1.33 करोड़ है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यह कॉकरोच जनता पार्टी क्या है? इसने अपने मकसद को लेकर क्या-क्या कहा है? इसमें शामिल होने की क्या शर्तें रखी गई हैं? इसकी स्थापना करने वाले अभिजीत दिपके कौन हैं? उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी बनाने की क्या वजह बताई है? उनका आम आदमी पार्टी के संस्थापक अरविंद केजरीवाल से क्या संबंध सामने आया है? इसके अलावा अगर यह पार्टी अपने मकसद पर कायम रहती है तो भारत की राजनीति मे क्या बदलाव ला सकती है? कॉकरोच जनता पार्टी को एक व्यंग्यात्मक राजनीतिक आंदोलन बताया जा रहा है। सीजेआई सूर्यकांत के 15 मई को दिए बयान के बाद 16 मई 2026 को इंटरनेट पर एक व्यंग्य के रूप में शुरू हुआ यह आंदोलन कुछ ही दिनों में भारत के युवाओं, खासकर जेन जी के बीच लोकप्रियता बटोरने में सफल हुआ है।

पार्टी का यह नाम भी भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की उसी टिप्पणी से उपजा है, जिसमें उन्होंने बिना रोजगार वाले और सोशल मीडिया पर अपनी राय रखने वाले युवाओं की तुलना कॉकरोच (तिलचट्टे) और परजीवी से की थी।

### कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स अकाउंट पर लगी रोक, पार्टी संस्थापक अभिजीत दिपके का दावा

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स अकाउंट पर भारत में रोक लगा दी गई है। इसके संस्थापक अभिजीत दिपके ने यह दावा किया है। कॉकरोच जनता पार्टी ने भारत में सोशल मीडिया पर भारी संख्या में फॉलोअर्स लेकर सभी का ध्यान खींचा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई करते हुए बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच की तरह बताया था। बाद में उन्होंने सफाई दी और कहा कि




उन्होंने सिर्फ फर्जी डिग्री वालों की आलोचना की थी। हालांकि, उनके इस बयान पर सोशल मीडिया पर ऐसी प्रतिक्रिया हुई, यह मामला वायरल ट्रेंड बन गया। कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से सोशल मीडिया पर अकाउंट बन गए और देखते ही देखते वे वायरल हो गए। कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर एक करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वहीं एक्स अकाउंट पर कॉकरोच जनता पार्टी के दो लाख से अधिक फोलोअर्स हैं। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने दावा किया है कि उनका एक्स अकाउंट बंद कर दिया गया है, लेकिन इंस्टाग्राम अकाउंट अभी सक्रिय है। आमतौर पर एक्स अकाउंट पर कानूनी आधार पर रोक लगाई जाती है। इसके लिए किसी अधिकृत निकाय द्वारा अकाउंट पर रोक लगाने की मांग करना जरूरी है। 15 मई को सीजेआई की कॉकरोच वाली टिप्पणी के बाद बनी इस पार्टी ने 21 मई आते-आते इंस्टाग्राम पर इसने फॉलोवर्स के मामले में देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा तक को पीछे कर दिया है। फिलहाल कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पेज पर 1.35 करोड़ फॉलोवर्स हैं।

## पेपर लीक मामला: कांग्रेस का जयपुर में हल्लाबोल पुलिस से झड़प के बाद प्रदर्शनकारियों पर चली वाटर कैनन

**प्रदर्शन**

**प्रदर्शन के चलते पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया**




**जयपुर।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर राजस्थान की राजधानी जयपुर में गुरुवार को कांग्रेस ने बीजेपी मुख्यालय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से पैदल मार्च करते हुए शहीद स्मारक के रास्ते बीजेपी कार्यालय की ओर बढ़े। प्रदर्शन के चलते पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

कांग्रेस कार्यकताओं को रोकने के लिए पुलिस ने रास्ते में कई जगह बैरिकेड्स लगाए थे, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। बीजेपी मुख्यालय की ओर बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और बीजेपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने ह्लनीट का पेपर कहां मिलेगा, बीजेपी के बाड़े मेंह्व जैसे नारे लगाए, जिससे माहौल और गरमा गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर गंभीर सवाल उठाए। राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा, ये बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## अभिषेक बनर्जी को राहत, हाईकोर्ट ने दंडात्मक कार्रवाई पर लगाई रोक

**राहत**

**यह अंतरिम सुरक्षा इस शर्त पर दी जा रही है कि अभिषेक बनर्जी पुलिस की जांच में सहयोग करेंगे**



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी को बड़ी राहत दी है। गुरुवार को हाईकोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणियों के मामले में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ पश्चिम बंगाल पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल पुलिस को निर्देश दिया कि वह अभिषेक बनर्जी के खिलाफ 31 जुलाई तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करे। सुनवाई के दौरान जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने आगे कहा कि यह अंतरिम सुरक्षा इस शर्त पर दी जा रही है कि अभिषेक बनर्जी पुलिस की जांच में सहयोग करेंगे।

**विदेश यात्रा की लेनी होगी अनुमति :** कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अभिषेक बनर्जी को विदेश यात्रा के लिए पहले अनुमति लेनी होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि उन्हें पहले जांच अधिकारी को 48 घंटे का नोटिस देना अनिवार्य है। हाईकोर्ट ने यह अंतरिम आदेश बनर्जी की उस याचिका पर दिया।

## शुभेंदु सरकार का एक और बड़ा फैसला

# बंगाल के मदरसों में अब वंदे मातरम गाना अनिवार्य




**बड़ा फैसला**

**नया नियम सरकारी मदरसों से लेकर सभी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त मदरसों पर भी लागू होगा**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की शुभेंदु सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। दरअसल बंगाल सरकार के अल्पसंख्यक कार्य और मदरसा शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया गया है। अब मदरसों में इस आदेश का पालन करना जरूरी है। यह नया नियम सरकारी मदरसों से लेकर सभी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त मदरसों पर भी लागू होगा।

> **अब मदरसों में इस आदेश का पालन करना जरूरी है**

**इससे पहले क्या दिया गया था निर्देश? :** पिछले सप्ताह स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी एक नोटिस में सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया था कि हर दिन कक्षाएं शुरू होने से पहले वंदे मातरम गीत का गायन सुनिश्चित किया जाए।

आदेश में कहा गया कि कक्षाएं शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा में वंदे मातरम गीत का गायन अनिवार्य किया जाए, ताकि राज्य के सभी स्कूलों में सभी छात्र तत्काल प्रभाव से इसे गाएं।

राज्य सरकार का यह कदम केंद्रीय गृह मंत्रालय के जनवरी में जारी उस निर्देश के बाद आया है, जिसमें राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इसे गाने की बात कही गई थी।

### नए आदेश में क्या नहीं स्पष्ट?

इससे पहले राज्य की पूर्ववर्ती व्यवस्था के तहत स्कूलों की सुबह की सभा में बांग्लार माटी बांग्लार जल गीत गाना अनिवार्य था। हालांकि, नए आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि अब राज्य गीत को वंदे मातरम और राष्ट्रगान के साथ जारी रखा जाएगा या नहीं।

**कुछ स्कूलों ने व्यावहारिक दिक्कतों की शिकायत की :** कुछ स्कूल प्रमुखों ने इसको लेकर व्यावहारिक दिक्कतों की ओर भी इशारा किया है। एक स्कूल प्रमुख ने कहा कि हम राष्ट्रगान को नहीं हटा सकते, क्योंकि वह अनिवार्य है। अब पहला गीत वंदे मातरम होगा और अगर राज्य गीत भी जोड़ा गया तो इसमें ज्यादा समय लगेगा, जिससे कक्षाएं शुरू होने में देरी होगी। नोटिस में राज्य गीत को लेकर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन छात्रों को तीन गीतों के लिए रोकना आसान नहीं होगा।

**शिक्षा विभाग ने क्या बताया? :** शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नए निर्देश में केवल वंदे मातरम को लेकर आदेश जारी किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमें वंदे मातरम को स्कूल प्रार्थना के रूप में शुरू करने को कहा गया है, लेकिन राज्य गीत का कोई उल्लेख नहीं है।

## इबोला वायरस: हाई-रिस्क देशों से आने वाले यात्रियों के लिए की गई एडवाइजरी जारी

**स्वास्थ्य**

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने यात्रियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए**




**नई दिल्ली।** भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने इबोला वायरस को लेकर एक जरूरी स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। यह सलाह उन यात्रियों के लिए है जो इबोला प्रभावित देशों से आ रहे हैं या वहां से होकर भारत पहुंचे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यात्रियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान को 'हाई-रिस्क' यानी उच्च जोखिम वाले देशों की श्रेणी में रखा है। इन देशों से आने वाले यात्रियों को अपनी सेहत पर कड़ी नजर रखनी होगी। दिल्ली एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने इस संबंध में जानकारी लगा दी है। यात्रियों को बुखार, कमजोरी, थकान, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षणों पर ध्यान देना होगा। इसके अलावा उल्टी, दस्त, गले में खराश और रक्तस्त्राव भी इबोला के लक्षण हो सकते हैं। अगर किसी यात्री में ये लक्षण दिखते हैं, तो उसे तुरंत एयरपोर्ट अधिकारियों को बताना चाहिए एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि अगर कोई यात्री किसी संदिग्ध या पुष्टी मरीज के सीधे संपर्क में आया है, तो वे हवाई अड्डे के स्वास्थ्य अधिकारियों को तुरंत सूचित करें और आगमन के 21 दिनों के भीतर चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। सरकार ने यात्रियों को सलाह दी है कि भारत आने के 21 दिनों के भीतर अगर उनमें ऊपर बताए गए कोई भी लक्षण दिखते हैं, तो वे तुरंत डॉक्टर से मिलें।

## 'आर्थिक नीतियों में बड़े बदलाव की जरूरत' : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई है। पार्टी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अर्थव्यवस्था पर नए ज्ञान की जरूरत है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री 'ज्ञानेश' (मुख्य चुनाव आयुक्त) के जरिए चुनाव मैनेज कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर उन्हें नए ज्ञान की जरूरत है। उन्होंने कहा हमें इकोनॉमिक पॉलिसी बनाने में बड़े बदलाव की जरूरत है, लेकिन मोदी सरकार के पास आइडिया खत्म हो गए हैं। अब तो सरकार के समर्थक भी सार्वजनिक रूप से अपनी चिंताएं जाहिर करने लगे हैं।

जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि देश में महंगाई का अनुमान बढ़ गया है और विकास दर के अनुमान में गिरावट आई है। विदेशी निवेश लगातार कम हो रहा है। सप्लाई चेन का प्रबंधन इतना खराब है कि प्रधानमंत्री खुद उपभोक्ताओं से अपनी खपत कम करने की अपील कर रहे हैं।

## दिल्ली में गर्मी का 14 साल का रिकॉर्ड टूटा, आईएमडी का अलर्ट

**गर्मी का कहर**

**दिन ही नहीं रात में भी सितम**

**दिल्ली में मई की सबसे गर्म रात**




नई दिल्लीः दिल्ली में मई महीने की अब तक की सबसे गर्म रात दर्ज की गई, जब न्यूनतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार यह पिछले लगभग 14 वर्षों में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। इससे पहले 26 मई 2012 को न्यूनतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सफदरजंग और लोधी रोड सहित कई स्टेशनों पर रात में गर्म मौसम की स्थिति रही। गर्म रात तब घोषित की जाती है जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहता है और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक होता है।

स्टेशनों के अनुसार सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक है। रिज में 30.6 डिग्री (4.4 डिग्री अधिक), पालम में 30.5 डिग्री (3.4 डिग्री अधिक), लोधी रोड में 29.6 डिग्री (4.6 डिग्री अधिक) और आयानगर में 27.4 डिग्री सेल्सियस (0.7 डिग्री अधिक) दर्ज किया गया।

## फलता में पुनर्मतदान, 6 बजे तक हुआ 87% से अधिक मतदान

**पुनर्मतदान**

**सुबह 7 बजे शुरू हुई वोटिंग शाम 6 बजे तक चलह, जबकि मतगणना 24 मई को की जाएगी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट पर सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुनर्मतदान शुरू हो गया। अधिकारियों के मुताबिक मतदान सुबह 7 बजे से 285 बूथों पर जारी है। इस चुनाव में 2.36 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1.15 लाख महिलाएं और नौ तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। शाम 6 बजे तक 87.73% वोटिंग हुई। दोपहर 1 बजे तक 60.43% वोटिंग हुई। वहीं सुबह 11 बजे तक 42.83 फीसदी मतदान हुआ था। सुबह 7 बजे शुरू हुई वोटिंग शाम 6 बजे तक चलेगी, जबकि मतगणना 24 मई को की जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने 29 अप्रैल को दूसरे चरण में हुए मतदान के दौरान गंभीर चुनावी अपराध और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के आरोपों के बाद पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया था। उस दौरान कई बूथों से एश्ट के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायतें सामने आई थीं। आरोप था कि मशीनों पर इत्र जैसे पदार्थ और चिपकने वाली टेप लगाई गई थी। इस मामले की जांच के लिए चुनाव आयोग के पूर्व विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता ने क्षेत्र का दौरा किया था।

## ठाणे स्टेशन के पास लगी भीषण आग, दो की मौत दो अन्य घायल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे रेलवे स्टेशन के पास स्थित गामदेवी मार्केट कॉम्प्लेक्स में गुरुवार तड़के भीषण आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक फायरमैन और एक सुरक्षा गार्ड की जान चली गई, जबकि दो अन्य दमकलकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, आग इतनी भयावह थी कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कई दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा।



जानकारी के अनुसार, आग सुबह करीब 3:45 बजे गामदेवी मार्केट कॉम्प्लेक्स में लगी। आग लगने के बाद दमकल विभाग ने ब्रिगेड कॉल घोषित किया, जिसका मतलब है कि स्थिति पर काबू पाने के लिए फायर विभाग के अधिकतम संसाधनों को मौके पर लगाया गया। बाजार में कपड़ों, सब्जियों और फलों की कई दुकानें मौजूद थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की ऊंची लपटें और घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रशांत रोडे ने बताया कि हादसे में एक फायरमैन और एक सुरक्षा गार्ड की मौत हुई है। वहीं, क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (फ्छ्टउ) के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि दो अन्य दमकलकर्मी घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक, यह मेजर फायर थी, जिसने पूरे बाजार को अपनी चपेट में ले लिया। बाजार परिसर में कपड़ों की दुकानों के अलावा सब्जी और फल मंडी तथा स्थानीय नगर निगम का वार्ड कार्यालय भी मौजूद था। दमकलकर्मियों को आग बुझाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, क्योंकि दुकानों में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील कपड़े रखे हुए थे। इसी वजह से आग तेजी से फैलती चली गई।

## असम विधानसभा को मिला नया अध्यक्ष, स्पीकर बने रंजीत कुमार दास

**निर्विरोध**

**रंजीत कुमार दास के खिलाफ किसी अन्य विधायक ने नामांकन दाखिल नहीं किया, निर्विरोध अध्यक्ष घोषित**



**असम।** असम विधानसभा को गुरुवार को नया अध्यक्ष मिल गया। चार बार के भाजपा विधायक रंजीत कुमार दास को सर्वसम्मति से 16वीं असम विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। प्रोटेम स्पीकर चंद्र मोहन पटवारी ने सदन में घोषणा करते हुए बताया कि रंजीत कुमार दास के समर्थन में तीन नामांकन दाखिल किए गए थे। उनके खिलाफ किसी अन्य विधायक ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके बाद उन्हें निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष घोषित कर दिया गया।

यह दूसरी बार है जब रंजीत कुमार दास असम विधानसभा के अध्यक्ष बने हैं। इससे पहले 2016 में भाजपा की पहली सरकार बनने के दौरान भी उन्होंने स्पीकर पद की जिम्मेदारी संभाली थी। उस समय राज्य में पहली बार भाजपा सत्ता में आई थी और दास को विधानसभा संचालन की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई थी।


रंजीत कुमार दास असम की भवानीपुर-सोरभोग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 2011 से लगातार चार बार विधानसभा चुनाव जीतकर सदन पहुंचे हैं। उन्होंने राज्य की राजनीति में संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 22 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Raj Kaushik
12h ·

वरिष्ठ भाजपा नेता, शिक्षाविद्, साहित्य प्रेमी पृथ्वी सिंह कसाना और भाभी प्रतिभा सिंह की शादी की 50वीं वर्षगांठ पर बहुत बहुत शुभकामनाएं... बधाई....




# घोषणा से पहले लगे हैं सियासी निगाहों के पहरे प्रदेश टीम में स्थान पा सकते हैं ये भगवा चेहरे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में पद का और कद का एक आपसी जुड़ाव है। वरिष्ठता के हिसाब से किसी भी कार्यकर्ता को नेता से पदाधिकारी बनने का सफर तय करना पड़ता है। प्रदेश टीम में स्थान पाना अपने आप में एक उपलब्धि होता है। भाजपा की प्रदेश टीम घोषित होने वाली है। ऐसे में गाजियाबाद से कौन कौन से चेहरे प्रदेश टीम के लिए संभावित माने जा रहे हैं, उनको लेकर चर्चा चल रही है।

सवाल यही उठ रहा है कि क्या प्रदेश स्तर के पदाधिकारी रह चुके चेहरों को फिर से प्रदेश टीम में स्थान मिलेगा। क्या भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की गिनती में आने वाले चेहरों को स्थान मिलेगा। जिन चेहरों को लेकर चर्चा चल रही है उनमें भाजपा किसान मोर्चा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष रह चुके राजा वर्मा वर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, मेयर तथा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनिता दयाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नरेन्द्र कश्यप, पूर्व मेयर अशु वर्मा सहित कई नाम हैं। अब देखना है कि इनमें से किस नाम को स्थान मिलता है।

## प्रदेश उपाध्यक्ष वाली पारी क्या फिर से खेलेंगी मेयर सुनीता दयाल



करंट क्राइम। सुनीता दयाल भाजपा की राजनीति का पुराना चेहरा हैं। वो विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं वो प्रदेश टीम में उपाध्यक्ष हैं। वो गाजियाबाद की मेयर हैं। अब जब प्रदेश टीम घोषित होने जा रही है तो एक सवाल ये भी है कि क्या सुनिता दयाल को फिर से प्रदेश उपाध्यक्ष वाला दायित्व मिलेगा।

## राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप क्या रहेंगे ओबीसी मोर्चा के स्टेट हैड



करंट क्राइम। नरेन्द्र कश्यप राजनीतिक प्रोफाइल के व्यक्ति हैं और वर्तमान में उनका सियासी कद सबसे मजबूत माना जाता है। वो सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं, एमएलसी हैं और भाजपा के ओबीसी मोर्चा के स्टेट हैड हैं। वो लगातार इस पद पर बने हुए हैं। अब यही सवाल है कि जब भाजपा का प्रदेश संगठन घोषित हो रहा है तो क्या नरेन्द्र कश्यप ओबीसी मोर्चा के स्टेट हैड के रूप में रिपीट होंगे। वो वैसे भी पिछड़ों की राजनीति के ऑलराउन्डर खिलाड़ी माने जाते हैं।

## एमएलसी बनेंगे या आयेंगे प्रदेश टीम में सतेन्द्र सिसौदिया



करंट क्राइम। सतेन्द्र सिसौदिया भाजपा की राजनीति का सौम्य, शिष्ट और समर्पित नाम हैं। संघर्ष से लेकर सरकार तक का सफर किया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में शानदार कार्यकाल रहाहै। अब निगाहें इसी बात पर हैं कि वो परम्परागत रूप से एमएलसी बनाये जायेंगे या भाजपा की प्रदेश टीम में आयेंगे।

## बसंत त्यागी का नाम होगा क्या रिपीट



करंट क्राइम। बसंत त्यागी भाजपा के अनुशासित, सौम्य और सधे हुए शब्दों के वक्ताहै। वो भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं और वर्तमान में प्रदेश संगठन में मंत्री हैं। उनकी पत्नी ममता त्यागी जिला पंचायत सदस्य हैं। बसंत त्यागी को क्या प्रदेश संगठन में रिपीट किया जायेगा या उनका और बेहतर स्थान पर समायोजन होगा। फिलहाल ये नाम भी चर्चा में है।

## पूर्व मेयर अशु वर्मा के नाम को कहां मिलेगा स्थान



करंट क्राइम। पूर्व मेयर अशु वर्मा भाजपा की राजनीति का पुराना नाम हैं, सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। मुद्दों को उठाते हैं। उनका नाम क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली दावेदारी में भी चला था। अब जब प्रदेश टीम घोषित होने जा रही है तो पूर्व मेयर अशु वर्मा को प्रदेश में कहां स्थान मिलता है ये देखने की बात है।

## पवन गोयल को प्रदेश टीम में कहां मिलेगा स्थान



करंट क्रांइम। पवन गोयल भाजपा की राजनीति का अहम नाम हैं। निगम पार्षद रहे हैं, क्षेत्रीय टीम में रहे हैं। प्रकोष्ठ में सहसंयोजक वाला दायित्व है। वर्तमान में वो जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। विधानसभा की दावेदारी में प्रमुखता से नाम चला था। प्रदेश टीम में वैश्य समाज का ये चेहरा चर्चा में है।

## अजय शर्मा को मिलेगा क्या प्रदेश टीम में चांस



करंट क्राइम। अजय शर्मा भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। साहिबाबाद विधानसभा से दावेदारी में नाम रहा है और एक बार फिर उनकी दावेदारी सुर्खियों में हैं। सदस्यता अभियान का प्रदेश स्तरीय दायित्व है। प्रदेश वाली प्रोफाइल लिये हुए हैं।

## मानसिंह गोस्वामी खेलेंगे कौन सी पारी



करंट क्राइम। संगठन के दायित्व, आयाम और चुनाव प्रचार की अभियान की बात हो तो मानसिंह गोस्वामी का नाम आता है। राउन्ड द क्लॉक मेहनत करने वालों में ये नाम है। वर्ग प्रशिक्षण शिविर में आधी रात को औचक निरीक्षण करके संदेश दिया था कि कार्यकर्ता या पदाधिकारी संगठन के दिये काम को शिथिल ना लें। प्रदेश टीम घोषित होने वाली है और इस नाम की भी चर्चा मजबूती से है।

## किसान मोर्चा के फॉरमर स्टेट हेड को क्या मिलेगा प्रदेश टीम में स्थान



करंट क्राइम। राजा वर्मा भाजपा की किसान राजनीति का बड़ा नाम है। लगातार तीन बार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। कृषक स्मृद्धि आयोग से लेकर प्रभारी का सफर एक कार्यकर्ता के रूप में किया है। ऊर्जावान नेता हैं, शानदार वक्ता हैं और जाट राजनीति का पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सशक्त चेहरा हैं। पार्टी कहां इन्हें स्थान देती है ये देखने की बात है।

## पूर्व मेयर आशा शर्मा को मिल सकता है प्रदेश में स्थान



करंट क्राइम। आशा शर्मा गाजियाबाद की मेयर रही हैं और लोकप्रिय नेताओं में शुमार होती है। भाजपा की मूल कार्यकर्ता हैं और सक्रिय मोड पर रहती हैं। संगठन से लेकर सरकार तक देखी है और वो प्रदेश टीम में कहां स्थान बनाती हैं ये देखने की बात है। ये नाम मजबूत चर्चा के केन्द्र में है।

## पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को मिलेगा क्या मौका



करंट क्राइम। भाजपा नये चेहरों को आगे ला रही है। वो अब कैडर से ज्यादा अनुभव, सक्रियता और समीकरण को स्थान दे रही है। ऐसे में राजनीतिक अनुभव, प्रोफाईल और समीकरण के लिहाज से प्रशांत चौधरी का नाम भी चर्चा वाली सूचि में है। प्रदेश सूचि में स्थान बना सकता है।

## जाट फैक्टर पर बृजपाल तेवतिया का कहां होगा प्लेसमेंट



करंट क्राइम। बृजपाल तेवतिया भाजपा के मजबूत जाट नेता भी हैं और किसान नेता भी हैं। राजनीतिक रूप से एक मजबूत प्रोफाईल है, प्रदेश कार्यकारिणी में भी रहे हैं और अब संगठन उन्हें कहां प्लेस करता है ये देखने की बात है।

## पृथ्वी सिंह कसाना को कहां कंसीडर करेगी भाजपा



करंट क्राइम। पृथ्वी सिंह भाजपा की बौद्धिक राजनीति का चेहरा हैं। प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रहे हैं। प्रदेश टीम घोषित होने जा रही है तो गुर्जर चेहरों के रूप में क्या पार्टी उनके नाम को फिर से कंसीडर करेगी।

# पार्कों में गुड मॉर्निंग के साथ शुरू हो गयी सुनील शर्मा की चुनावी तैयारी
## रोजाना टहल रहे हैं वो नगर निगम के वार्डों में पार्क बदल-बदल कर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुनील शर्मा जन नेता है इसमें कोई दोराय नहीं है। ये बात ऑन रिकॉर्ड है और वो ये है कि वो पूरे देश में एक मात्र ऐसे विधायक हैं जो सबसे ज्यादावोटों से चुनाव जीते हैं। राजनीति का उनका अपना नेटवर्क है, अपना समर्पण है। वो भले ही सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं लेकिन अपनी विधानसभाके मंडल अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष का नाम उन्हें जुबानी याद है। जनता से कनैक्टिविटि बनाकर चलते हैं। वार्ड में अब उनकी एक्टिविटि बढ़ गयी है और अब इसे वर्ष 2027 की चुनावी तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। सुनील शर्मा विधानसभा के चुनाव का प्लान तैयार कर रहे हैं। वो अपनी विधानसभा के हर मौहल्ले के पार्कों में आ गये हैं। लगातार जनता से सम्पर्क कर रहे हैं। गुडमॉर्निंग के साथ ये अभियान चल रहा है। इसे 2027 की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। ये सियासी चहलपहल है और रोज सुबह पार्क बदल बदल कर हो रही है। गुरूवार को वो वार्ड संख्या 75 और 85 में गये। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्यायें पूछी। बुधवार को कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा वार्ड संख्या 89 और 66 में लोगों से मिले थे। तीन दिन पहले वो चंद्र नगर के वार्ड संख्या 97 में सुबह सवेरे लोगों से मुलाकात कर रहे थे। चार दिन पहले वो वार्ड संख्या 86 और 70 में सुबह सवेरे जनता के बीच थे। पांच दिन पहले वो नूर नगर नंदग्राम और दीनदयालपुरी इलाके में लोगों के साथ मिल रहे थे। वार्ड संख्या 83 में भी रात्रि में जन मुलाकात कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की ये सुबह सवेरे की सैर बता रही है कि दावेदारी शुरू हो गयी है।

# 'मेरे देश की धरती...' के सहारे प्रदेश की राजनीति में किसान कनेक्शन साध रहे अमरपाल शर्मा



Amarpal Sharma · Follow
4h ·
यूँ ही कोई अन्नदाता नहीं बन जाता 🙏🙏🙏

तापमान चाहे शून्य हो या 45 डिग्री, किसान कभी अपनी मेहनत से समझौता नहीं करता | मैं खुद किसान हूँ, अपने हर किसान भाई की मेहनत को समझ सकता हूँ |
AC के कमरों में रहने वाले मेरे भाई बहन भी खेत में अपने जीवन का केवल एक दिन जरुर लगाये, मैं मानता हूँ कि उसके बाद आप किसान के दर्द और मेहनत में अपनी आवाज़ जरुर मिलायेंगे |

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर खेतों में चलते हुए एक भावनात्मक वीडियो और किसान केंद्रित पोस्ट साझा कर राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। वीडियो में बैकग्राउंड में 'मेरे देश की धरती सोना उगले' जैसा मशहूर गीत सुनाई देता है, जबकि पोस्ट में उन्होंने किसान की मेहनत, तपती गर्मी और खेतों की जिंदगी का जिक्र किया है।

राजनीतिक जानकार इसे सिर्फ एक सामान्य सोशल मीडिया पोस्ट नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर अपनी छवि को 'जमीन से जुड़े नेता' के रूप में स्थापित करने की कोशिश मान रहे हैं। लंबे समय तक स्थानीय राजनीति में सक्रिय रहे अमरपाल शर्मा अब खुद को केवल साहिबाबाद तक सीमित नेता नहीं, बल्कि किसान और ग्रामीण मुद्दों को समझने वाले चेहरे के रूप में प्रस्तुत करते दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि तापमान चाहे शून्य हो या 45 डिग्री, किसान कभी अपनी मेहनत से समझौता नहीं करता। साथ ही एसी कमरों में रहने वाले लोगों से खेतों में एक दिन बिताने की अपील भी की। इस तरह की भाषा सीधे भावनात्मक और मेहनतकश वर्ग को संबोधित करती नजर आती है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में किसान आज भी सबसे बड़ा भावनात्मक और चुनावी मुद्दा माना जाता है। पश्चिमी यूपी में किसान आंदोलन के बाद नेताओं ने सोशल मीडिया पर भी किसान जुड़ाव दिखाने की रणनीति तेज की है। ऐसे में अमरपाल शर्मा की यह प्रस्तुति भी उसी बड़े राजनीतिक नैरेटिव का हिस्सा मानी जा रही है, जिसमें नेता खुद को 'जमीन से निकला हुआ' और आम आदमी की तकलीफ समझने वाला चेहरा दिखाने की कोशिश करते हैं। खास बात यह भी है कि पोस्ट में किसी दल या विरोधी पर सीधा हमला नहीं किया गया, बल्कि पूरी कोशिश सकारात्मक और भावनात्मक संदेश देने की रही। यही वजह है कि राजनीतिक गलियारों में इसे ‘इमेज स्टेबलिंग’ और भविष्य की बड़ी राजनीतिक भूमिका की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।

हाल ही में साहिबाबाद में आयोजित भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम में भी अमरपाल शर्मा ने बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज को एक मंच और एक छत के नीचे लाकर राजनीतिक हलकों का ध्यान खींचा था। उस सफल आयोजन को समाजवादी पार्टी और प्रदेश की राजनीति में बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा गया। चर्चा यह भी रही कि कार्यक्रम के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गुडबुक में अमरपाल शर्मा की राजनीतिक पकड़ और भी मजबूत हुई है।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का अगला टास्क
## बदलेगा ट्रोनिका सिटी, सिहानी गेट और नंदग्राम थाने का क्लास

**अगला कदम**

जल्द मॉडल लुक में नजर आएंगे तीनों थाने
आधुनिक सुविधाओं और नई मैस से लैस होगी पुलिसिंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों की तस्वीर बदलने का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। अब पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कमिश्नरेट के तीन महत्वपूर्ण थानों जिसमें ट्रोनिका सिटी, सिहानी गेट और नंदग्राम को आधुनिक और मॉडल स्वरूप देने का बड़ा टास्क तय किया है। इन थानों का सिर्फ बाहरी लुक ही नहीं बदलेगा, बल्कि यहां पुलिसिंग सिस्टम, सुविधाएं और नागरिकों को मिलने वाली सेवाएं भी पूरी तरह आधुनिक अंदाज में विकसित की जाएंगी।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने स्पष्ट किया है कि पुलिस कमिश्नरेट में ऐसे थाने विकसित किए जा रहे हैं, जहां आम नागरिकों को बेहतर माहौल मिले और पुलिस कर्मियों को भी आधुनिक सुविधाओं के साथ कार्य करने का वातावरण प्राप्त हो।

इसी योजना के तहत ट्रॉनिका सिटी, सिहानी गेट और नंदग्राम थानों को नए मॉडल के रूप में तैयार किया जाएगा।

### थानों में बनेगी आधुनिक मैस, पुलिस कर्मियों को मिलेगा बेहतर वातावरण



करंट क्राइम : सीपी का कहना है कि नई योजना के तहत तीनों थानों में आधुनिक मैस तैयार की जाएगी, जहां पुलिस कर्मियों के लिए बेहतर भोजन और पौष्टिक आहार की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। पुलिस कमिश्नर का मानना है कि बेहतर कार्य वातावरण और सुविधाएं मिलने से पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। इसके अलावा थानों में अलग से वरिष्ठ नागरिक सेल बनाई जाएगी, ताकि बुजुर्गों की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर हो सके। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सहायता को लेकर विशेष मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी विकसित की जाएगी।

### लगातार बदल रही कमिश्नरेट के थानों की तस्वीर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में पिछले कुछ समय से थानों के आधुनिकीकरण का अभियान लगातार चल रहा है। इसी क्रम में कविनगर थाना आधुनिक स्वरूप में तैयार होकर नई पहचान बना चुका है। वहीं अब सिटी जोन के थाना विजयनगर और घंटाघर कोतवाली के नए स्वरूप के शुभारंभ की तैयारियां भी तेज हो गई हैं।
पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड की प्राथमिकता साफ है कि गाजियाबाद के थाने सिर्फ कानून व्यवस्था के केंद्र न रहकर आम जनता के लिए भरोसे और आधुनिक सुविधाओं वाले पुलिस सहायता केंद्र के रूप में विकसित हों। आने वाले समय में कमिश्नरेट के अन्य थानों में भी इसी तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# स्कूल के बाहर मौत बनकर टूटी 11 केवी लाइन, वैन में बैठे बच्चों में मची चीख-पुकार
## सेक्टर-14 वसुंधरा में बड़ा हादसा टला, पांच बच्चों को खिड़कियों से निकालकर बचाई गई जान

**हादसा**

स्पार्किंग के बाद हाईटेंशन तार टूटा, स्कूल प्रबंधन ने बिजली निगम पर लगाया लापरवाही का आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वसुंधरा सेक्टर-14 स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के बाहर गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब 11 केवी हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर स्कूल वैनों और अभिभावकों की गाड़ियों पर गिर पड़ा। तार गिरते ही तेज स्पार्किंग शुरू हो गई और वाहनों में करंट दौड़ने लगा।

मौके पर मौजूद अभिभावकों और स्कूल स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर करीब दो बजे स्कूल की छुट्टी हुई थी और बच्चे वैनों व निजी वाहनों में बैठ रहे थे। इसी दौरान करीब 2:38 बजे अचानक हाईटेंशन लाइन में तेज स्पार्किंग हुई और देखते ही देखते तार टूटकर नीचे खड़ी करीब पांच गाड़ियों पर गिर गया। दो वाहनों में पांच बच्चे बैठे हुए थे। करंट फैलने के डर से लोग गाड़ियों के पास जाने से भी घबरा रहे थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्कूल स्टाफ और वाहन चालकों ने हिम्मत दिखाते हुए बच्चों को गाड़ियों की खिड़कियों से बाहर निकाला। कुछ देर तक पूरे इलाके में चीख-पुकार और भगदड़ जैसी स्थिति बनी रही। हादसे के वक्त मौके पर करीब 80 से 90 लोग मौजूद थे।

### कुछ सेकंड की देरी जानलेवा साबित हो सकती थी



करंट क्राइम : स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि तार कुछ देर और स्पार्किंग करता रहता या बच्चे वाहन से बाहर नहीं निकल पाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। कई अभिभावकों ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकलते देख राहत की सांस ली। स्कूल प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि बिजली लाइन के आसपास पेड़ों की समय पर छंटाई नहीं कराई गई। इसी कारण तारों में स्पार्किंग हुई और लाइन टूट गई। लोगों ने सवाल उठाया कि स्कूल और रिहायशी क्षेत्र के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की सुरक्षा जांच आखिर कब होगी।

### जांच में नहीं स्पष्ट हुआ कारण

करंट क्राइम : वहीं विद्युत निगम की प्रारंभिक जांच में लाइन टूटने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। उपखंड अधिकारी उमेश गौतम के मुताबिक लाइन और जम्पर दोनों सही स्थिति में पाए गए हैं। फिलहाल तकनीकी कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। स्थानीय निवासियों ने मांग की कि स्कूलों और घनी आबादी वाले इलाकों में गुजर रही हाईटेंशन लाइनों की तत्काल जांच कर सुरक्षा उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

22 May -26 page 4 21-05-2026 9:02 PM Page 1



## संपादकीय

# चारधाम हेली सेवा पर सवाल

बद्रीनाथ से तीर्थ यात्रियों को लेकर लौट रहे एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी कारणों से टिहरी के चंबा-आराकोट क्षेत्र में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इस दौरान बिजली की तारों के संपर्क में आने से हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा। उत्तराखंड अपने प्राकृतिक सौंदर्य, ऊंची-ऊंची चोटियों और धार्मिक स्थलों की वजह से दुनिया भर में प्रसिद्ध है। पर्यटन का कारोबार राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। खासकर चार धाम यात्रा के लिए यहां साल भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन उस लिहाज से व्यवस्थागत ढांचे का विस्तार नहीं हो पाया है। पहाड़ी प्रदेश होने की वजह से यहां के मौसम में अचानक बदलाव आने से भारी बारिश और भूस्खलन की घटनाएं आम बात हैं। ऐसे में पर्यटकों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं, पर्यटकों को ले जाने और वापस लाने वाले हेलिकॉप्टर के हादसाग्रस्त हो जाने की घटनाएं भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही हैं।

ऐसी ही एक घटना बुधवार सुबह हुई, जब बद्रीनाथ से तीर्थ यात्रियों को लेकर लौट रहे एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी कारणों से टिहरी के चंबा-आराकोट क्षेत्र में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इस दौरान बिजली की तारों के संपर्क में आने से हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को नुकसान पहुंचा, हालांकि उसमें सवार यात्री सुरक्षित हैं।

उत्तराखंड सरकार की ओर से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। मगर सवाल है कि सरकार के ये कदम क्या सिर्फ राजस्व अर्जित करने तक सीमित हैं, या पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था को भी केंद्र में रखा जाता है? यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि पहाड़ी प्रदेश होने के नाते क्षेत्रीय मौसम में बदलाव का सटीक पूर्वानुमान लगाने की व्यवस्था हो, ताकि पर्यटकों और परिवहन एजेंसियों को पहले ही संभावित खतरे से सतर्क किया जा सके।

इससे पहले भी चार धाम यात्रा मार्ग पर हेलिकॉप्टरों के हादसे का शिकार होने की घटनाएं हो चुकी हैं। मगर ऐसा लगता है कि इन हादसों से शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। हालांकि, सरकार की ओर से धार्मिक यात्रा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया लागू की गई है, लेकिन जब तक इसे कड़ाई से लागू नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक व्यवस्था में आमूल-चूल सुधार नहीं हो पाएगा। मुंबई में गुरुवार दोपहर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलिकॉप्टर से जुड़ी एक बड़ी घटना सामने आई। खराब मौसम और तेज तूफानी हवाओं की वजह से उनका हेलिकॉप्टर बीच रास्ते में भटक गया। हालांकि पायलट की सतर्कता और सूझबूझ के चलते समय रहते हेलीकॉप्टर को वापस मोड़ लिया गया और जुहू के पवन हंस हेलीपैड पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

# घरेलू शेयर बाजार में बढ़त

## सेंसेक्स 229 अंक चढ़ा, निफ्टी 23700 के पार



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो और इटरनल प्रमुख विजेताओं में शामिल थीं। पिछड़ने वाली कंपनियों में ट्रेंट, इंफोसिस, सन फार्मा और बजाज फिनसर्व शामिल थीं।

### एशियाई बाजारों में दिखी तेजी

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक उच्च स्तर पर कारोबार कर रहे थे, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक मामूली रूप से नीचे था। कोस्पी में सात प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। बुधवार को अमेरिकी बाजार काफी तेजी के साथ बंद हुए।

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और तेल कीमतों में नरमी के बीच गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 228 अंक से ज्यादा चढ़कर 75,546 पर और एनएसई निफ्टी 105 अंक बढ़कर 23,764 पर पहुंच गया।

पश्चिम एशिया संघर्ष के जल्द समाप्त होने की उम्मीदों के बीच तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक बाजारों में आई तेजी के कारण गुरुवार को शुरूआती कारोबार में बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों में तेजी देखी गई। कारोबार के दौरान 10:35 बजे तक 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 228.60 अंक या 0.30% चढ़कर 75,546.99 पर पहुंच गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 105.45 अंक या 0.45% बढ़कर 23,764.45 पर पहुंच गया। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 327.74 अंक चढ़कर 75,646.13 पर पहुंच गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 111.75 अंक बढ़कर 23,772.05 पर पहुंच गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि आज सुबह ब्रेंट क्रूड का घटकर 106 अमेरिकी डॉलर होना एक सकारात्मक संकेत है। शायद बाजार राष्ट्रपति ट्रम्प के इस बयान से संकेत ले रहा है कि 'संघर्ष जल्द ही समाप्त हो जाएगा और तेल की कीमतें तेजी से गिरेंगी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत में गिरावट आई और यह 105.7 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# निवेश को संसदीय समिति ने बताया चिंताजनक

## देश से बाहर जा रहे पैसे पर सख्त टैक्स की वकालत



### हजारों करोड़ का निवेश और राजस्व अधिकारियों से चर्चा

भाजपा सांसद भतृहरि महताब की अध्यक्षता वाली इस स्थायी समिति ने वीडीए के विषय पर विस्तृत चर्चा की। महताब ने बताया कि भारत से हजारों करोड़ रुपये वर्चुअल डिजिटल एसेट्स में निवेश किए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर देश से बाहर जा रहे हैं। इस जटिल मुद्दे को समझने के लिए समिति ने न केवल भारत में पंजीकृत और संचालित हो रहे क्रिप्टो स्टेकहोल्डर्स की प्रस्तुतियां देखीं, बल्कि कराधान (टैक्सेशन) के मुद्दे पर राजस्व सचिव, आयकर विभाग और कॉरपोरेट मामलों के सचिव को भी तलब किया। महताब ने स्पष्ट किया कि चूंकि कुछ संगठन सिंगापुर जैसे देशों में स्थित हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि जो भी पैसा वहां निवेश हो रहा है और जो कमाई हो रही है, उस पर भारत के भीतर ही टैक्स लगे।

**नई दिल्ली।** भारत में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (वीडीए) यानी क्रिप्टोकरेंसी में हो रहे भारी-भरकम निवेश को लेकर संसदीय समिति ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को वित्त पर संसदीय स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें डिजिटल संपत्तियों में देश से बाहर जा रहे हजारों करोड़ रुपयों के निवेश को 'चिंताजनक' (अलार्मिंग) करार दिया गया। समिति ने इस बात पर जोर दिया है कि जब तक भारत में क्रिप्टो को लेकर कोई स्पष्ट कानून नहीं बनता, तब तक इन सभी डिजिटल लेन-देन पर सख्त टैक्स व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। भारत में फिलहाल वीडीए से जुड़ा कोई विशेष कानून नहीं है। इसके विपरीत महताब ने यह भी बताया कि देश का केंद्रीय बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, भारत में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के संचालन को अनुमति देने या विनियमित करने के पूरी तरह से खिलाफ है।

### टैक्स और नीति का ग्रे एरिया

चर्चा के दौरान समिति के कुछ सदस्यों ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि जब क्रिप्टोकरेंसी पर कोई स्पष्ट नीति ही नहीं है, तो सरकार इस पर 30 प्रतिशत का टैक्स कैसे वसूल रही है। वर्तमान में भारत में क्रिप्टोकरेंसी की कानूनी वैधता एक 'ग्रे एरिया' में है, लेकिन इसे आयकर और जीएसटी के दायरे में रखा गया है।

वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में एक साल में 10,000 रुपये से अधिक के वर्चुअल करेंसी भुगतान पर 1 प्रतिशत टीडीएस का प्रस्ताव किया गया था, जो 1 जुलाई 2022 से लागू हो चुका है।

विशेष व्यक्तियों (जिनके खातों का आयकर अधिनियम के तहत ऑडिट जरूरी है) के लिए टीडीएस की यह सीमा 50,000 रुपये तय की गई है।

# खपत की रफ्तार थामी तो विकास दर को लग सकता है झटका, एफएमसीजी मांग में सुस्ती की आशंका ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** भारत में महंगाई, कमजोर मानसून और कच्चे तेल की कीमतों से खपत की रफ्तार धीमी हो रही है, जिससे देश की आर्थिक विकास दर पर दबाव बढ़ सकता है।



भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत कारखाने नहीं बल्कि बाजार हैं। गांव की किराना दुकान से लेकर शहर के मॉल तक जो खर्च होता है, वही आर्थिक विकास की असली धड़कन है। यही वजह है कि उपभोग में थोड़ी भी सुस्ती अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका दे सकती है। वह भी ऐसे समय में, जब देश पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी, डॉलर की तुलना में रुपये में रिकॉर्ड गिरावट और बढ़ते आयात बिल जैसे संकटों से जूझ रहा है। दरअसल, भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा सहारा घरेलू खर्च है। घरेलू जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी करीब 57 फीसदी है। यानी लोगों की जेब, खरीदारी और भरोसा ही विकास का सबसे बड़ा इंजन है। दिसंबर, 2025 तिमाही के दौरान निजी खपत बढ़कर जीडीपी के 57.5 फीसदी तक पहुंच गई। चिंता इसलिए बढ़ी है, क्योंकि पिछले तीन महीनों में कई एजेंसियों ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान घटाए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के लिए विकास दर अनुमान को 6.6 फीसदी से घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है।

### मानसून और कच्चा तेल...दो बड़े जोखिम

उपभोग की अगली परीक्षा मौसम और तेल से होगी। अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन के मुताबिक, मई-जुलाई, 2026 में अल नीनो उभरने की 82 फीसदी और इसके सर्दियों तक बने रहने की आशंका 96 फीसदी है। आईएमडी के शुरुआती अनुमान बताते हैं कि दक्षिण-पश्चिम मानसून कमजोर रह सकता है। कमजोर बारिश का असर खेत से सीधे रसोई तक आता है। अनाज, सब्जी, दूध, चारा, ग्रामीण मजदूरी और ग्रामीण मांग सभी प्रभावित होते हैं। दूसरी तरफ, महंगा कच्चा तेल परिवहन, पैकेजिंग और उत्पादन लागत बढ़ाकर महंगाई को हवा देता है।

### एफएमसीजी मांग का थर्मामीटर कमजोर

रोजमर्रा के सामान साबुन, तेल, बिस्कुट, शैंपू, चाय, पैकेज्ड फूड...देश की खपत का सबसे तेज संकेत देते हैं। इसी मोर्चे पर चेतावनी दिख रही है। वर्ल्डपैनल बाय न्यूमरेटर के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में एफएमसीजी वैल्यू ग्रोथ 13.1 फीसदी और वॉल्यूम ग्रोथ 5.4 फीसदी रही। एजेंसी का अनुमान है कि 2026 में वॉल्यूम ग्रोथ 5 फीसदी तक जा सकती है, अगर कच्चा तेल स्थिर रहे और मानसून साथ दे। महंगाई और मौसम का दबाव बना रहा, तो एफएमसीजी की वृद्धि दर 3-4 फीसदी तक सिमट सकती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

# पीएम मोदी ने एफएओ के डीजी को भारत के पारंपरिक अनाज की किस्मों के नमूने भेंट किए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात, इटली, नीदरलैंड, स्वीडन, और नॉर्वे की पांच देशों की यात्रा कर स्वदेश लौट आए है। पीएम मोदी ने अपनी पांच देशों की यात्रा के दौरान कई रणनीतिक और द्विपक्षीय मसलों पर वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य व कृषि संगठन (एफएओ) के महानिदेशक क्यू डोंगयु को भारत के प्रसिद्ध चावल की विभिन्न किस्मों के नमूने भी भेंट किए। इनमें केरल का पलक्कड़ रेड राइस, पश्चिम बंगाल का गोविंदभोग चावल, इंडो-गंगेटिक क्षेत्र का बासमती चावल, असम का जोहा राइस और उत्तर प्रदेश का कालानमक चावल शामिल है। इन सभी किस्मों की अपनी विशेष सुगंध, स्वाद और पोषण संबंधी खूबियां हैं। कालानमक चावल को बुद्धा राइसह्व भी कहा जाता है, जबकि बासमती को ह्लक्वीन ऑफ फ्रेगरेंसह्व के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने एफएओ



महानिदेशक को हेल्दी मिलेट बार्स भी भेंट किए। भारत में उगाए जाने वाले ज्वार और बाजरा जैसे मोटे अनाज पोषण, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर माने जाते हैं। ये जलवायु के अनुकूल फसलें हैं और आधुनिक स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादों के रूप में भी तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। रेड राइस: रेड राइस, जिसे ह्यमट्टाह्व या ह्यपालक्काडन मट्टाह्व के नाम से भी जाना जाता है। केरल के पलक्कड़ की काली मिट्टी में उगाई जाने वाली एक पारंपरिक स्वदेशी धान किस्म है। इसका प्रमुख आकर्षण इसका लाल-भूरा रंग और मोटा, भरा हुआ दाना है, जो न्यूनतम पॉलिशिंग के कारण सुरक्षित रहता है।

# 135 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली गिरावट, आईटी एफएमसीजी शेयरों में जमकर हुई बिकवाली

**नई दिल्ली।** कारोबारी सत्र निवेशकों के लिए सतर्कता और ठहराव वाला रहा। आईटी और एफएमसीजी की कमजोरी के बावजूद रियल्टी की मजबूती और इंडिया विक्स में आई गिरावट यह बताती है कि बाजार बड़ी गिरावट से बचते हुए एक मजबूत संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।




भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को कारोबार का अंत बेहद सुस्त माहौल में हुआ। पूरे दिन के उतार-चढ़ाव के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक लगभग सपाट स्तर पर बंद हुए। दिग्गज आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट ने बाजार पर लगातार दबाव बनाए रखा। हालांकि, रियल्टी सेक्टर में देखी गई मजबूत खरीदारी ने निचले स्तरों पर बाजार को सहारा दिया, जिससे बड़ी गिरावट टल गई। दिग्गज शेयरों की चाल और घटती अस्थिरता आज के कारोबार में निफ्टी के टॉप लूजर्स में बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा, इंफोसिस और बजाज फिनसर्व शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर ग्रासिम, इंडिगो, अपोलो हॉस्पिटल, बजाज ऑटो और ट्रेंट के शेयरों में तेजी दर्ज की गई और ये टॉप गेनर्स बनकर उभरे। इस बीच, बाजार में उतार-चढ़ाव को दर्शाने वाला सूचकांक इंडिया विक्स 3.36 प्रतिशत गिरकर 17.82 पर आ गया, जो निवेशकों के बीच घटती घबराहट और कम होती अस्थिरता का स्पष्ट संकेत है।

### सेंसेक्स और निफ्टी के बंद आंकड़े

कारोबार की समाप्ति पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स 135.03 अंक टूटकर 75,183.36 के स्तर पर सेटल हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 75,318.39 के स्तर पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स भी महज 4.30 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 23,654.70 के स्तर पर बंद हुआ, जो इससे पिछले सत्र में 23,659 पर था।

### रियल्टी चमका, आईटी-एफएमसीजी पस्त

सेक्टोरल प्रदर्शन की बात करें तो गुरुवार का दिन आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के लिए निराशाजनक रहा। इन दोनों क्षेत्रों के बड़े शेयरों में मुनाफावसूली हावी रही। इसके उलट रियल्टी क्षेत्र के शेयरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजार को संभालने का जिम्मा उठाया। बड़े शेयरों में सुस्ती के बीच छोटे शेयरों में रौनक दिखाई दी, जिससे निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स लगभग 0.63 फीसदी की बढ़त बनाने में कामयाब रहा।

## राशिफल

**मेष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबार में व्यस्तता बढ़ेगी।

**वृष:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण होंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में परेशानी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्या:** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनु:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मकर:** मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। धन की प्राप्ति होगी।

**कुंभ:** वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी, परन्तु खर्चों की अधिकता से चिंतित रहेंगे।

## चुटकुले

एक आदमी डॉक्टर के पास गया और बोला,
डॉक्टर साहब, मुझे लगता है मैं अदृश्य हो गया हूं।
डॉक्टर बोला, कौन बोल रहा है भाई?

---------------

पत्नी गुस्से में बोली,
मैं दो हफ्ते के लिए मायके जा रही हूं।
पति खुशी से बोला,वाह, इसे कहते हैं सरप्राइज गिफ्ट!

---------------

पप्पू ने दोस्त से कहा,
यार, मैं हर सुबह दौड़ने जाता हूं।
दोस्त बोला, फिर मोटापा कम क्यों नहीं हुआ? पप्पू बोला, क्योंकि मैं सपने में दौड़ता हूं।

---------------

टीचर ने पूछा,
बताओ दुनिया का सबसे खतरनाक हथियार कौन सा है?
पप्पू बोला, बीवी के आंसू आदमी तुरंत हार मान लेता है।

---------------

एक लड़का इंटरव्यू देने गया,
बॉस ने पूछा, तुम्हारी सबसे बड़ी कमजोरी क्या है?
लड़का बोला, मैं बहुत ईमानदार हूं। बॉस बोला, ये कमजोरी नहीं है।
लड़का बोला, मुझे आपकी राय से मतलब नहीं।

---------------

पत्नी बोली,
सुनो जी, अगर मैं मर गई तो क्या करोगे?
पति बोला, मैं भी पागल हो जाऊंगा। पत्नी खुश होकर बोली, फिर दूसरी शादी नहीं करोगे? पति बोला, पागल कुछ भी कर सकता है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 22 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


# आज के जन्मदिन



सीमा (अभिनेत्री)



सिद्धि गुप्ता | तुषार कटारिया | यश यादव | राकेश बेदी | इकरम चौधरी





अशोक गुप्ता | वैभव गोयल | सोनू रघुवंशी | विनोद तोमर | योगेन्द्र डागर



शौकीन | विशाल कंडेरे | विकास शर्मा | तुषार शर्मा | अमित तिवारी | लव सैनी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# मुंबई इंडियंस ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड, लगातार 3 मैचों में उतारे तीन कप्तान, ऐसा करने वाली दूसरी टीम

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टीम लगातार तीन मैचों में तीन अलग-अलग कप्तानों के साथ उतरी। पहले सूर्यकुमार यादव, फिर जसप्रीत बुमराह और अब हार्दिक पांड्या ने कप्तानी संभाली। इससे पहले ऐसा कारनामा सिर्फ पुणे वॉरियर्स इंडिया ने किया था। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई को 147/8 के स्कोर पर रोक दिया।



आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबला सिर्फ हार-जीत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि टीम के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में उतरी मुंबई इंडियंस लगातार तीन मैचों में तीसरे अलग कप्तान के साथ मैदान पर पहुंची। इससे पहले टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह कर चुके थे। हार्दिक पांड्या चोट के कारण शुरूआती मुकाबलों में उपलब्ध नहीं थे। मुंबई इंडियंस आईपीएल इतिहास की दूसरी टीम बन गई है जिसने लगातार तीन मैचों में तीन अलग-अलग कप्तानों का इस्तेमाल किया। इससे पहले पुणे वॉरियर्स इंडिया ने रॉस टेलर, एंजेलो मैथ्यूज और एरॉन फिंच को लगातार तीन मैचों में कप्तान बनाया था।

**हार्दिक और तिलक ने संभाली पारी:** मुश्किल परिस्थिति में हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने पारी संभालने की कोशिश की। दोनों बल्लेबाजों ने सावधानी से रन जोड़े, लेकिन बारिश ने खेल को कुछ देर के लिए रोक दिया। खेल दोबारा शुरू होने के बाद भी मुंबई के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके।

### शुरूआती झटकों से लड़खड़ाई मुंबई

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरूआती दो ओवर में बिना विकेट खोए 10 रन बनाए, लेकिन तीसरे ओवर में कैमरून ग्रीन ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने पहले रायन रिकेल्टन को छह रन पर आउट किया और फिर नमन धीर को खाता खोले बिना पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सौरभ दुबे ने रोहित शर्मा को 15 रन पर आउट कर मुंबई को बड़ा झटका दिया। जल्द ही सूर्यकुमार यादव भी 15 रन बनाकर चलते बने और पावरप्ले तक मुंबई का स्कोर 46/4 हो गया।

# ऋषभ पंत से छिनी उप-कप्तानी तो भड़के मोहम्मद कैफ

## बीसीसीआई को लताड़ लगाकर कह दी ये बात

**नई दिल्ली।** मोहम्मद कैफ ने विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा है कि वह टेस्ट टीम के उप-कप्तान बने रहने के पूरी तरह हकदार थे। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा है कि वह टेस्ट टीम के उप-कप्तान बने रहने के पूरी तरह हकदार थे। कैफ का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में पंत भारत के सबसे बड़े मैच-विनर्स में से एक हैं और उन्होंने ऐसा कुछ भी गलत नहीं किया, जिसके आधार पर उनसे उप-कप्तानी छीनी जाए। बता दें कि, बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मुकाबले के लिए चुनी गई टीम में उप-कप्तानी का जिम्मा केएल राहुल को सौंपा है। इससे पहले यह जिम्मेदारी पंत के कंधों पर थी।गिल के कप्तान बनने के बाद पंत बने थे उप-कप्तान

पिछले साल इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने के बाद पंत को उप-कप्तान नियुक्त किया गया था। इसे टीम मैनेजमेंट द्वारा पंत को भविष्य के



नेतृत्वकर्ता के रूप में देखने का संकेत माना गया था। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में गिल के चोटिल होने पर पंत ने टीम की कप्तानी संभाली थी, लेकिन भारत को उस मुकाबले में 408 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया ने सीरीज भी 0-2 से गंवा दी थी।

**आईपीएल 2026 में खराब रहा पंत का प्रदर्शन**

लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान के रूप में आईपीएल 2026 में पंत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम को 13 में से नौ मुकाबलों में हार मिली, जबकि पंत ने 28.60 की औसत से 286 रन बनाए। इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए उप-कप्तानी की जिम्मेदारी केएल राहुल को सौंप दी गई।

**'टेस्ट और आईपीएल को मिलाकर नहीं देखना चाहिए'**

'जियोहॉटस्टार' पर बातचीत के दौरान कैफ ने कहा कि टेस्ट और टी20 क्रिकेट पूरी तरह अलग फॉर्मेट हैं और आईपीएल के प्रदर्शन के आधार पर टेस्ट क्रिकेट में किसी खिलाड़ी का मूल्यांकन करना सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'ऋषभ पंत ने कुछ भी गलत नहीं किया है। टेस्ट और व्हाइट-बॉल क्रिकेट दो अलग फॉर्मेट हैं। सिर्फ आईपीएल के आधार पर यह कहना गलत है कि वह कप्तानी या बल्लेबाजी में अच्छा नहीं कर रहे। टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए उनसे बड़ा मैच-विनर कोई नहीं है।'

कैफ ने चयन समिति की सोच पर भी सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि अगर युवा खिलाड़ियों को मौका देने की बात की जा रही है, तो चयन में एकरूपता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर उम्र के आधार पर कुछ खिलाड़ियों को बाहर किया जा रहा है, तो फिर हर खिलाड़ी के लिए वही नीति लागू होनी चाहिए। अगर कोई रन बना रहा है या विकेट ले रहा है, तो उसे मौका मिलना चाहिए। मेरी नजर में ऋषभ पंत टेस्ट टीम के उप-कप्तान बने रहने के हकदार थे।'

# कौन हैं भारतीय पर्वतारोही तुलसी रेड्डी

## माउंट एवरेस्ट को फतह कर हासिल किया है बड़ा कीर्तिमान

**नई दिल्ली।** भारतीय पर्वतारोही तुलसी रेड्डी ने बड़ा कीर्तिमान हासिल कर लिया है। तुलसी ने माउंट एवरेस्ट की चोटी को सफलतापूर्वक फतह कर लिया है।



कई लोगों के लिए माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना सबसे बड़ा रोमांच होता है, लेकिन भारतीय पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी के लिए यह दृढ़ता, अनुशासन, बदलाव और लगन की एक ऐसी यात्रा बन गई जिसने लोगों को प्रेरित किया। हैदराबाद के पास बोवरमपेट गांव के रहने वाले तुलसी ने वर्षों के अनुशासन, प्रशिक्षण और लगातार तैयारी के बाद सफलतापूर्वक माउंट एवरेस्ट की चोटी फतह की।

**कई चुनौतीपूर्ण चोटियों पर कर चुके हैं चढ़ाई**

तुलसी की कहानी को जो बात प्रेरित करने वाली बनाती है वह यह है कि इसकी शुरूआत कितने साधारण तरीके से हुई थी। कभी खाने-पीने के शौकीन रहे तुलसी बस फिट होना चाहते थे। धीरे-धीरे जिम में वर्कआउट और स्वस्थ जीवनशैली एंड्यूरेंस खेल और पर्वतारोहण के प्रति जुनून में बदल गई। समय के साथ उन्होंने कई स्थानीय दौड़, कठिन आयरनमैन चुनौती और दुनिया भर में कई ऊंची चोटियों पर चढ़ाई के अभियान पूरे किए। इस सफर के दौरान तुलसी ने दुनिया भर की कई चुनौतीपूर्ण चोटियों पर चढ़ाई की जिनमें माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर), एकॉनकागुआ (6,961 मीटर), माउंट किलिमंजारो (5,895 मीटर) और कांग यात्से (6,400 मीटर) शामिल हैं।

तुलसी ने कहा, 'एवरेस्ट पर चढ़ना वर्षों के अनुशासन, त्याग और लगातार तैयारी का नतीजा है। यह उपलब्धि उन सभी लोगों की है जिन्होंने इस पूरी यात्रा के दौरान मेरा साथ दिया।'

# शुरूआती सात मैचों में एक अंक...पर अब पंजाब की बराबरी पर खड़ी है केकेआर

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ की रेस को बेहद रोमांचक बना दिया है। लगातार खराब शुरूआत के बाद केकेआर ने जोरदार वापसी करते हुए अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम अब अपने आखिरी लीग मुकाबले और अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर है। दूसरी ओर, कार्तिक त्यागी पर्पल कैप की रेस में टॉप-5 में पहुंच गए हैं, जबकि राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाए हुए हैं।

आईपीएल 2026 के 65वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराया। इस जीत के साथ केकेआर ने न सिर्फ प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि अंक तालिका की तस्वीर भी पूरी तरह बदल दी। सीजन की शुरूआत में लगातार छह मुकाबले हारने वाली केकेआर ने दमदार वापसी की और पिछले सात मैचों में से छह में जीत दर्ज की।

अब टीम के 13 मैचों में 13 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। हैरानी की बात तो यह है कि केकेआर की टीम शुरूआती सात मैचों में अजेय रहने वाली पंजाब की बराबरी पर है। पंजाब ने शुरूआती सात में छह मैच जीतने के बाद, पिछले छह में से छह मैच गंवाए हैं। यानी कुल 13 मैचों के बाद केकेआर की टीम पंजाब के कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

**केकेआर ने मजबूत की दावेदारी**

कोलकाता नाइट राइडर्स का लीग स्टेज का आखिरी मुकाबला 24 मई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होना है। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए केकेआर को इस मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि, सिर्फ जीत काफी नहीं होगी।

केकेआर को अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। टीम को उम्मीद करनी होगी कि उसी दिन मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स को हरा दे। इसके बाद 23 मई को होने वाला पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच मुकाबला अहम हो जाएगा। अगर लखनऊ सुपर जाएंट्स पंजाब किंग्स को हराने में सफल रहती है, तो केकेआर के लिए प्लेऑफ का रास्ता साफ हो सकता है।

**सीएसके और डीसी को हुआ नुकसान**

केकेआर की जीत का असर अंक तालिका में अन्य टीमों पर भी पड़ा है। इस मुकाबले के बाद चेन्नई सुपर किंग्स सातवें स्थान पर खिसक गई, जबकि दिल्ली कैपिटल्स आठवें नंबर पर पहुंच गई है। दोनों टीमों के 12-12 अंक हैं और वे भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं।



### अंक तालिका का मौजूदा हाल

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (द) | 13 | 9 | 4 | 0 | 18 | +1.065 |
| गुजरात टाइटंस (द) | 13 | 8 | 5 | 0 | 16 | +0.400 |
| सनराइजर्स हैदराबाद (द) | 13 | 8 | 5 | 0 | 16 | +0.350 |
| राजस्थान रॉयल्स | 13 | 7 | 6 | 0 | 14 | +0.083 |
| पंजाब किंग्स | 13 | 6 | 6 | 1 | 13 | +0.227 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 13 | 6 | 6 | 1 | 13 | +0.011 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 13 | 6 | 7 | 0 | 12 | -0.016 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 13 | 6 | 7 | 0 | 12 | -0.871 |
| मुंबई इंडियंस (ए) | 13 | 4 | 9 | 0 | 8 | -0.510 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स (ए) | 13 | 4 | 9 | 0 | 8 | -0.702 |

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरूआत से पहले ब्राजील को झटका

## नेमार जूनियर फिर हुए चोटिल

**रियो डी जनेरियो।** यह नेमार का चौथा फीफा वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले वह 2014, 2018 और 2022 एडिशन में खेल चुके हैं। हालांकि, टूनार्मेंट के शुरू होने से पहले ही वह चोटिल हो गए हैं। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के आगाज से ठीक पहले ब्राजील को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार खिलाड़ी नेमार एक बार फिर चोटिल हो गए हैं। नेमार को हाल ही में ब्राजील की विश्व कप टीम में चुना गया है। 34 साल के सैंटोस स्टार बुधवार को सैन लोरेंजो के खिलाफ अपनी टीम के घरेलू कोपा सुदामेरिकाना मैच में पिंडली की चोट के कारण नहीं खेल पाए। सैंटोस टीम के डॉक्टर रोड्रिगो जोगैब ने कहा कि फॉरवर्ड खिलाड़ी 27 मई को ब्राजील के पहले प्री-वर्ल्ड कप ट्रेनिंग सेशन के लिए तैयार होंगे। 'ओ ग्लोबो' ने जोगैब के हवाले से कहा, ₹नेमार नेशनल टीम में फिट या लगभग पूरी तरह से फिट होने की स्थिति में ही टीम को रिपोर्ट करेंगे।

# लिटन दास और PAK के रिजवान भिड़े! बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने किया स्लेज

**सिलहट।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के दौरान मैदान पर तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला, जब बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास और पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के बीच तीखी बहस हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दोनों खिलाड़ियों को एक-दूसरे से बहस करते देखा गया। इस दौरान कुछ बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने रिजवान पर तंज कसते हुए 'ओवर-एक्टिंग के 50 पैसे काट' जैसी टिप्पणी भी की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



बांग्लादेश ने इतिहास रचते हुए पाकिस्तान को अपनी सरजमीं पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। ढाका में पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने 104 रन से और सिलहट में दूसरे टेस्ट में 78 रन से जीत हासिल की। हालांकि, सिलहट टेस्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बांग्लादेश के लिटन दास और पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान भिड़ गए। और इसके बाद तो पूरी बांग्लादेश टीम ने मिलकर रिजवान को खूब स्लेज किया। बांग्लादेश क्रिकेटरों ने यहां तक कहा कि रिजवान अच्छी एक्टिंग करता है, इसे बॉलीवुड में भेजो, लेकिन वहां भी इसे कोई नहीं लेगा। इसकी ओवरएक्टिंग इतनी है कि 50 पैसे काट लेंगे। आइए पूरा मामला जानते हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

दरअसल, सिलहट टेस्ट में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 437 रन का लक्ष्य दिया था। रिजवान और बांग्लादेशी खिलाड़ियों की लड़ाई पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान हुई। तब पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 259 रन था। पाकिस्तान की दूसरी पारी के 72वें ओवर में तैजुल इस्लाम गेंदबाजी कर रहे थे। चौथी गेंद पर जब तैजुल ने अपना रनअप लिया तो रिजवान क्रीज से हट गए और साइट स्क्रीन की ओर इशारा करने लगे। तब रिजवान के साथ सलमान आगा क्रीज पर थे। जैसे ही रिजवान ने साइट स्क्रीन की ओर इशारा किया, विकेटकीपिंग कर रहे लिटन भड़क गए।

**बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने किया स्लेज**

इस घटना के बाद तो पूरी बांग्लादेशी टीम रिजवान को स्लेज करने लगी। बांग्लादेशी खिलाड़ी ज्यादा आक्रामक नजर आए और रिजवान को खूब स्लेज किया।

जैसे ही तैजुल ने ओवर की पांचवीं गेंद डाली, स्टंप माइक पर किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी ने रिजवान को स्लेज करते हुए कहा- थोड़ा रन कर लिया है, अभी एक्टिंग चालू हो जाएगा। फिर दूसरे बांग्लादेशी खिलाड़ी ने कहा- बहुत ज्यादा एक्टिंग हो रही है, बहुत ज्यादा एक्टिंग।

तैजुल की आखिरी गेंद से पहले रिजवान का ध्यान भंग हुआ और वह फिर से क्रीज से हट गए। इसके बाद ओवर की आखिरी गेंद पर रिजवान ने एक रन लिया। बांग्लादेशी खिलाड़ी यहां भी नहीं रुके।

किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी ने रिजवान को स्लेज करते हुए कहा- चलो भाई, बॉलीवुड में जगह मिल जाएगी इसे।

तो इस पर एक और बांग्लादेशी क्रिकेटर ने कहा- नहीं भाई। उधर इसे जगह नहीं मिलेगी। इतना सुनते ही रिजवान फिर अंपायर के पास पहुंचकर शिकायत करते दिखे।

एक और बांग्लादेशी क्रिकेटर ने कहा- एक हफ्ते बाद इसकी ट्रेनिंग है भाई बॉलीवुड में। चलो..चलो अच्छी एक्टिंग कर रहा है, सबको सिखा रहा है। इसके बाद फिर किसी बांग्लादेशी क्रिकेटर ने कहा- इसकी ओवरएक्टिंग के लिए हम 50 पैसे काटेंगे। सबको पता है, सबको पता है। टीम में अभी जगह पक्का है, इसलिए ज्यादा बात कर रहा है। तभी स्क्रीन पर बाबर को दिखाया गया और वह च्यूइंग चबाते दिखे। बाबर ने 47 रन की पारी खेली।

# मुंबई पर जीत के बाद तालिका में छठे स्थान पर पहुंची कोलकाता, प्लेऑफ की उम्मीदें अब भी बरकरार

**कोलकाता।** केकेआर ने मुंबई को चार विकेट से हरा दिया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुंबई ने 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने छह विकेट खोकर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ केकेआर ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखा है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। बुधवार को ईडन गार्डन्स पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**छठे स्थान पर पहुंची कोलकाता**

इस जीत के साथ कोलकाता की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 13 अंक हो गए और नेट रन रेट +0.011 हो गया है। अब केकेआर को उनका आखिरी मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है। कोलकाता ने इस जीत के दम पर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है।



**मुंबई की पारी**

मुंबई ने 41 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। जब पारी के आठ ओवर पूरे हो गए थे, बारिश ने दखल दिया, लेकिन ब्रेक के बावजूद ओवरों में कटौती नहीं की गई। कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 गेंदों में 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। तिलक वर्मा 20 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पांड्या ने 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कॉर्बिन बॉश ने दीपक चाहर के साथ आठवें विकेट के लिए 20 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बॉश 18 गेंदों में दो छक्कों और तीन चौकों के साथ 32 रन बनाकर नाबाद रहे।

# मलयेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं अश्मिता चालीहा

**नई दिल्ली।** अश्मिता चालीहा मलयेशिया मास्टर्स में गुरुवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि मालविका बंसोड़ को करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।



अश्मिता चालीहा मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट में गुरुवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि भारत के बाकी खिलाड़ी हारकर बाहर हो गए। अश्मिता चालीहा ने मलयेशिया की गोह जिन वेइ को 21-13, 21-16 से हराया। अब उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की लाइन होजमार्क जाएर्सफेल्ट से होगा जिन्होंने भारत की मालविका बंसोड़ को करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 21-16, 8-21, 15-21 से हराया। महिला एकल वर्ग के एक अन्य मुकाबले में थाईलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन युफेइ ने 21-16, 21-13 से हराया।

मिश्रित युगल में भाग के सात्विक कनापुरम और राधिका शर्मा भी अमेरिका के प्रेसले स्मिथ और जेनी गेइ से 12-21, 25-27 से हार गए। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और एम आर अर्जुन को चीन के हू कि युआन और लिन शियांग ने 21-14, 21-15 से हराया। लक्ष्य सेन और एच एस प्रणय कल ही हारकर बाहर हो गए थे।

# मुंबई इंडियंस के लिए वापसी करने वाले हार्दिक पांड्या पर चला BCCI का हंटर

**कोलकाता।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के चलते मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान हार्दिक ने गुस्से में विकेट की गिल्लियां जोर से गिरा दी थीं, जिसके बाद उन पर कार्रवाई की गई। हार्दिक ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आईपीएल 2026 में आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुमार्ना लगाया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान गुस्से में विकेट की गिल्लियां जोर से गिराना उन्हें भारी पड़ गया। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार हार्दिक पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।

**क्या था पूरा मामला?**

यह घटना दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद के बाद हुई। हार्दिक पांड्या अपने रन-अप की ओर लौट रहे थे, तभी उन्होंने गुस्से में विकेट की गिल्लियों को जोर से गिरा दिया। आईपीएल ने अपने बयान में कहा, 'हार्दिक पांड्या आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन के दोषी पाए गए, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, ग्राउंड इक्विपमेंट या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है।'



### मुंबई इंडियंस का खराब सीजन जारी

मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2026 का सीजन बेहद निराशाजनक रहा है। पांच बार की चैंपियन टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। कोलकाता के खिलाफ मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 147 रन बनाए थे, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स ने लक्ष्य को सात गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। हार्दिक पांड्या इस मैच में गेंद से भी प्रभाव नहीं छोड़ सके और दो ओवर में 13 रन देकर कोई विकेट हासिल नहीं कर पाए। अब मुंबई इंडियंस अपना आखिरी लीग मुकाबला रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।

### हार्दिक ने स्वीकार की गलती

आईपीएल के मुताबिक, हार्दिक पांड्या ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा दी गई सजा को मान लिया है। नियमों के अनुसार, अगर किसी खिलाड़ी के चार से सात डिमेरिट प्वाइंट हो जाते हैं तो उसे एक मैच के लिए निलंबित किया जा सकता है। ऐसे में हार्दिक को आगे ध्यान रखना होगा।

# 'एंटेना' लेकर रिजवान को कीपिंग प्रैक्टिस कराते दिखे कोच सरफराज



**सिलहट।** पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से हार झेलनी पड़ी, जिसके बाद टीम सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हो रही है। इस बीच पाकिस्तान के कोच सरफराज अहमद और विकेटकीपर रिजवान का एक वीडियो वायरल हो गया। वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने मजेदार मीम्स और कमेंट्स की बौछार कर दी।

पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के बाद शान मसूद की अगुआई वाले पाकिस्तान टीम का सोशल मीडिया पर खूब मजाक उड़ रहा है। हालांकि, उससे ज्यादा मजाक पाकिस्तान के कोच सरफराज अहमद और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान का उड़ रहा है। सरफराज का यह बतौर कोच पहली सीरीज थी और उसी में टीम का हार का सामना करना पड़ा है। सीरीज के दौरान सरफराज रिजवान को अजीबोगरीब तरीके से विकेटकीपिंग प्रैक्टिस कराते दिखे, जिसका सोशल मीडिया पर मजाक बन रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे बांग्लादेशी मीडिया ने शेयर किया है।




# मोहन नगर जोनल कार्यालय में नगर आयुक्त का औचक छापा, गैरहाजिर अफसरों पर गिरी गाज

## सुबह 10 बजे तक कुर्सियां खाली देख भड़के नगर आयुक्त, वेतन काटने के आदेश





### रिकॉर्ड बिखरे मिले, जन्म-मृत्यु कार्यालय बंद, अधिकारियों को थमाया स्पष्टीकरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइ :** इन दिनों मेयर और नगर आयुक्त एक्शन वाले मोड़ में हैं। गुरुवार को नगर निगम में लापरवाही और सुस्त कार्यशैली पर अब सीधा एक्शन शुरू हो गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सुबह मोहन नगर जोनल कार्यालय पर औचक निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी। सुबह करीब 10 बजे निरीक्षण के दौरान मोहन नगर जोनल प्रभारी सुशील प्रताप सिंह और कर अधीक्षक रामबली पाल अपनी सीटों से गायब मिले। इस पर नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए दोनों का वेतन काटने के निर्देश जारी कर दिए। निरीक्षण के दौरान जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय भी समय पर खुला नहीं मिला। कार्यालय बंद देख नगर आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।



### जनता के साथ सद्भाव रखें, समस्या का तुरंत समाधान करें

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि जोनल कार्यालयों में आने वाले नागरिकों के साथ बेहतर व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो। उन्होंने आगंतुकों के लिए बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था, बेंच लगाने और पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने के आदेश दिए। साथ ही रिकॉर्ड और फाइलों के रखरखाव में लापरवाही मिलने पर नगर कर निरीक्षक रीगन नागर, रेवेन्यू इंस्पेक्टर प्रमोद रावल और लिपिक राकेश निगम को भी जरूरी निर्देश दिए गए।

### जनता से सीधे बात कर पकड़ी अनियमितता

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद हाउस टैक्स और यूजर चार्ज जमा कराने आए नागरिकों से बातचीत की। शिकायतों और अव्यवस्थित रिकॉर्ड को देखते हुए संबंधित कर्मचारियों को स्पष्टीकरण जारी किया गया। श्याम पार्क साहिबाबाद निवासी इंद्र मोहन शर्मा की समस्या का मौके पर समाधान कराया गया। डेथ सर्टिफिकेट तत्काल जारी करवाया गया, जबकि हाउस टैक्स नाम परिवर्तन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

### हर सप्ताह होगा जोनल कार्यालयों का निरीक्षण



**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को निर्देश दिए कि सभी जोनल कार्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण किया जाए और दिए गए आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। औचक निरीक्षण की खबर मिलते ही पूरे कार्यालय में हड़कंप मच गया। देर से आने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई, जबकि सफाई व्यवस्था सुधारने और स्क्रैप तत्काल हटाकर स्टोर भेजने के आदेश भी जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज और महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद भी मौजूद रहे। अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

# बिजली घर के कर्मचारियों ने ही उड़ाई थी तांबे की रॉड, तीन गिरफ्तार

## नंदग्राम पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, 11 तांबे की रॉड बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिटी जोन नंदग्राम थानाक्षेत्र स्थित बिजली घर में तांबे की रॉड चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खास बात यह है कि पकड़े गए तीनों आरोपी बिजली घर में ही संविदा कर्मचारी के रूप में काम करते थे।

पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई 11 तांबे की रॉड बरामद की हैं। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन ने बताया कि 33 केवी ट्रांस हिंडन बिजली घर से कॉपर रॉड चोरी होने की शिकायत मिलने के बाद थाना नंदग्राम पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने गोल चक्कर के पास धन-धन सतगुरु आश्रम की ओर जाने वाले रास्ते से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में अमित कुमार, मोहम्मद अरमान और सोनू शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बिजली घर में रखी तांबे की रॉड के बारे में उन्हें पहले से जानकारी थी। लालच में आकर उन्होंने रात के समय कमरे की खिड़की की सरिया तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

कुछ रॉड कबाड़ी को बेच दी गई थीं, जबकि बाकी झाड़ियों में छिपाकर रखी गई थीं। नंदग्राम पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिजली कटौती से नाराज युवकों ने बिजली घर पर तैनात कर्मचारी को पीटा

**नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित विश्नौली बिजली घर पर रात्रि के समय बिजली की कटौती से नाराज युवक पहुंचे। बिजली घर पर तैनात एसएसओ के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई। मारपीट व अभद्रता करने का वीडियो सामने आया है। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। भीषण गर्मी के चलते बिजली की कटौती से नाराज युवक बुधवार की रात्रि में बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित बिसनोली बिजली घर पर पहुंचे। बिजली कटौती से गुस्साए युवकों ने तैनात एसएसओ के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। मारपीट के दौरान बिजली घर पर तैनात अन्य लोग भी आ गए। जिन्होंने मारपीट का विरोध किया। इस दौरान गाली-गलौज अभद्रता करने का वीडियो भी बना लिया गया।। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार का कहना है कि बिजली घर पर तैनात एसएसओ के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




### जेई और सुपरवाईजर बता देंगे कौन है ये झुग्गी बसाने वाला फैजल

एक तो ये गर्मी और उपर से मैडम का पारा हाई। हमें खबर ही नहीं और यहां पूरी बस्ति बस गयी। ये भी एक कला है कि उन्होंने झुग्गियों के भीतर जाकर नहीं देखा, लेकिन जैसे ही उन्होंने सुना कि इन्हें बसाने वाले फैजल हैं तो फिर उन्होंने बिना एक सेकिन्ड लगाये बता दिया कि इनमें तो रोहिंगिया रहते हैं, इनमें तो बांगलादेशी रहते हैं। खैर ये हुनर उनका है और सबके पास इतनी दिव्य दृष्टि होती भी नहीं है। लेकिन जो जानकारी उनके पास होनी चाहिए वो जानकारी सुपरवाईजर के पास है जेई के पास है लेकिन उनके पास नहीं है। ये फैजल कौन है ये तो निगम के सुपरवाईजर बता देंगे। ये तो निगम के जेई बता देंगे। अजी छोड़ो लिखतम के सामने वक्तम कुछ नहीं होता। महकमे ही एमबी उठाकर देख लो हैन्ड राईटिंग फैजल की मिलेगी। कई रिपोर्ट में जब हस्तलिपि मिलाओगे तो पता चलेगा कि ये फैजल की ही कलम है। कमाल ये है कि जेई जानते हैं, सुपरवाईजर जानते हैं और निगम की बड़ी चेयर को नहीं पता कि फैजल कौन है। वैसे सुना तो ये भी है कि फैजल केवल एमबी नहीं भरता है वो निगम में ठेकेदारी भी करता है।

### पद पर बैठते ही सुल्ला वाले खामोश और पद से उतरते ही निकल आता है रोष

अजब गजब ये रामलीला है और उससे गजब इसकी कमेटी है। संख्या तो करबला वाली है मगर अंदाज महाभारत वाले हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां आरोपों की एक एक्सपाईरी डेट है। पद पर बैठने से पहले पूरी ताकत के साथ आरोप लगाये जायेंगे, बेईमान बताया जायेगा और पद पर बैठते ही वो खामोश हो जायेंगे जिनकी जुबान पहले तूफान उठा रही होती है। गद्दी से उतरते ही गद्दी नशीन भी हिसाब मांगता है। जो सालों तक खामोश रहता है उसका भी रोष बाहर आ जाता है। वो भी चोर बताने लगता है, जोर दिखाने लगता है। कमाल का मैजिक तो ये है कि पद पर बैठने से पहले जिनसे हिसाब मांगा जाता था पद पर बैठते ही उन्हें बराबर में बिठाकर चाय पिलाई जाती है। हो सकता है कि उनसे हिसाब के दांव पेंच सीखे जा रहे हों। इस पूरी रामलीला का हल्ला ही ये है कि सारे आरोप चुनाव जीतने तक हैं। सिर पर ताज आते ही हिसाब मांगने की खाज मिट जाती है। फिर सब एक हो जाते हैं।

### अगर ना छुड़ाते तो हो जाती हाथापाई बिटविन द भाजपाई एंड भाजपाई

एक तो पहले ही विकास की बाधा के चलते सिस्टम से आने वाला माल आधा रह गया था। नई परेशानी ये है कि 100 वाली फौज में 10 और जुड़ गये हैं। जब से कोटा वाला सीन हुआ है तब से सोटा केसरिया मौहल्लों में ही पटक रहा है। बात कृपा वालों की भी ठीक है कि सारी मलाई तुम ही थोड़ी खाओगे। बात निवार्चित वालों की भी ठीह कि हमारे चलते काम में अडंगे थोड़ी लगाओगे। जब तुम्हारा कोटा आये तो देख लेना 3,5,8 क्या रखना है। सुना है कि अति उत्साह से लबरेज एक वार्ड में सफाई कर्मचारियों की गिनती को लेकर उलझने वाला सीन हो गया। अधिकारों की जंग थी और दोनों ही सरकार वाले थे। बताने वाले बता रहे हैं कि वो तो अच्छा हुआ कि छुटा छुटाई हो गयी वरना कुटा कुटाई से पूरे आसार बन गये थे। अगर लोग ना छुड़ाते तो सीन हाथापाई वाला बिटवीन द भाजपाई एंड भाजपाई हो ही गया था। अब तो मौहल्ले वाले भी कह रहे हैं कि कोई तो रोक तो इस विकास के तूफान को। कह रहे हैं कि बस जैसे तैसे करके ये साल कट जाये और राम करे कि सीट ही बदल जाये।

# कनावनी के ग्रामीणों ने पुलिस चौकी घेरकर किया प्रदर्शन, 6 घंटे में आपूर्ति का आश्वासन

### 44 डिग्री पारे में बिना बिजली-पानी बेहाल हुए लोग, पैसे मांगने का ऑडियो वायरल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम कनावनी डूब क्षेत्र में बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। कई दिनों से आपूर्ति ठप होने और 44 डिग्री तापमान में बच्चों-बुजुर्गों के बेहाल होने पर ग्रामीणों ने पहले रात में सड़क जाम की, फिर सुबह कनावनी पुलिस चौकी



का घेराव कर धरना दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली न होने से पंखे, कूलर, एसी बंद हैं और पानी की सप्लाई भी ठप है। इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं। रातभर लोग उमस और मच्छरों के बीच जागने को मजबूर हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी कि जब तक बिजली नहीं आएगी, चौकी से नहीं हटेंगी।

मामला तब और गरमा गया जब बिजली बहाल करने के नाम पर पैसे मांगने का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ग्रामीणों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। हंगामे के बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने 6 घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति पूरी तरह सुचारू करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। प्रवीण नागर ने कह कि तय समय में बिजली नहीं आई तो बड़ा आंदोलन होगा। प्रशासन सिर्फ खोखले आश्वासन दे रहा है, स्थायी समाधान नहीं हो रहा।

# युवक को कार में डालकर अपहरण, पिटाई कर लूटने का आरोप

**सिंभावली।** थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी युवक ने अपने ही परिचित पर साजिश के तहत बुलाकर अपहरण, पिटाई और लूटपाट कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव फरीदपुर निवासी अमित ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। 15 मई की शाम करीब साढ़े पांच बजे उनके पास गांव के ही युवक का फोन आया। जिसने उसे शाम को पास के गांव सिखैड़ा में मिलने के लिए बुलाया। पीड़ित का कहना है कि वह शाम करीब साढ़े सात बजे सिखैड़ा पहुंच गया। कुछ देर बाद उसके साथी युवक ने नोएडा जाने की बात कही और दोनों ऑटो से सिंभावली की ओर चल दिए। रास्ते में वह दोनों एक फार्म हाउस के पास ऑटो से उतर गए। इसी दौरान उनके पास कार आकर रुकी। पीड़ित का आरोप है कि कार सवार लोगों ने जबरन उसे गाड़ी में डाल लिया, जबकि उसका साथी युवक वहां से भाग निकला।

# एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, 18 वाहन बरामद

## अंकुर विहार पुलिस ने दो शातिर चोर दबोचे, फरार साथी की तलाश जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट की थाना अंकुर विहार पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी के 18 वाहन बरामद किए गए हैं, जिनमें 12 मोटरसाइकिल, 5 स्कूटी और 1 विक्की शामिल है। कार्यवाहक एसीपी अंकुर विहार सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 21 मई को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान अमजद निवासी प्रेमनगर लोनी और बिलाल निवासी डाबर तालाब अंकुर विहार के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अपने फरार साथी माजिद के साथ मिलकर दिल्ली और यूपी के अलग-अलग इलाकों से बाइक और स्कूटी चोरी करते थे। चोरी के वाहनों को छिपाकर रखा जाता था और बाद में उन्हें बेच दिया जाता था।



### चोरी के 18 वाहन बरामद



**करंट क्राइम :** एसीपी सिद्धार्थ गौतम के मुताबिक जिस बाइक पर आरोपी पकड़े गए, वह भी करीब एक माह पहले डीएलएफ क्षेत्र से चोरी की गई थी। आरोपी चोरी के वाहन बेचने की फिराक में निकले थे, तभी पुलिस चेकिंग में दबोच लिए गए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुल 18 चोरी के वाहन बरामद किए हैं। इनमें 5 वाहन थाना अंकुर विहार क्षेत्र से चोरी किए गए थे, जबकि बाकी दिल्ली और एनसीआर के अन्य इलाकों से चोरी हुए थे। बरामद वाहनों के संबंध में दिल्ली और गाजियाबाद के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चोरी और अन्य अपराधों के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। थाना अंकुर विहार पुलिस फरार आरोपी माजिद की तलाश में जुटी हुई है।

# सभासदों बिजली समस्या को लेकर अभियंता से की मुलाकात



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पालिका क्षेत्र के सभासदों ने गुरूवार को बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की और लगातार हो रही बिजली कटौती पर अपना दुखड़ा रोया।

सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश चैधरी के नेतृत्व में सभासद अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय से मिले और उन्हें शहरी क्षेत्र में हो रही भारी विधुत कटौती से निजात दिलायें जाने की मांग की। साथ ही सभासदों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा फोन नही अटैंड किये जाने पर भी अपनी नाराजगी जाहिर की। अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं को हल करायें जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर वेद प्रकाश, बबलू कौशिक, प्रदीप शर्मा, रजनीश चैधरी, सूबे सिंह, संजय चैधरी, कृष्णा पाल, गुलाब सिंह, दुश्यंत यादव, रहिसुद्दीन, राहुल राणा व ललित त्यागी आदि मौजूद रहें।




### आएगा पुराना फेस या होगा कोई रिप्लेस

लिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर एक थाने पर इस समय महिला अधिकारी का राज है। तो बताया जा रहा है कि उनका यह कार्यकाल इसी महीने की 30 तारीख तक पूरा होने वाला बताया जा रहा है। इसके बाद इस थाने पर किसको कमान मिलेगी, इस बात की चर्चा अभी से शुरू हो गई हैं। पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुराने वाले ही यथावत बने रह सकते हैं। तो चर्चा हो रही है कि उनको रिप्लेस करते हुए कोई न्यू फेस नजर आएगा। अब बताया जा रहा है कि जो यह डेट है, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ और भी फेरबदल होना है इसीलिए संभावना प्रबल है कि इस वाले थाने पर कोई नया फेस या रिप्लेस वाला सीन हो जाए। उधर पुलिस कमिश्नरेट




गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इस थाने पर मौजूद आईपीएस को अभी खुलासे का इंतजार बताया जा रहा है। तो जानकारी मिली है कि इन दिनों थानों के प्रभारी के पास एक और टेंशन आगे की भी बताई जा रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के हर थाने में जो नए रंगरूट आए हैं, उनकी रसोई की व्यवस्था भी थाने वाले प्रभारी कर रहे हैं। अब कहीं आलू प्याज के लिए रजिस्टर बना रहा है। तो कोई सुबह और शाम का मैन्यू तैयार करवा रहा है। कुल मिलाकर आलम यह है कि गर्मी के मौसम में खाना वेस्ट भी हो रहा है और वह टेस्ट भी नहीं आ पा रहा है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है की एसीपी वाली लिस्ट को लेकर लगभग तैयारी पूरी कर ली गई हैं। बस बकरीद के बाद कभी भी एसीपी स्तर के तबादले होंगे। तो फिर इसका असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर नजर आएगा। तीन से चार फेस यहां से बाहर जाएंगे। तो पांच प्लस फेस पुलिस कमिश्नरेट में इन भी होंगे। उधर इन और आउट के बाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में तीन एसीपी स्तर के अधिकारियों के लिए अलर्ट मोड बजेगा। इसमें एक को होल्ड तो दो को रिप्लेस किया जा सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देखना होगा कि खेत के बराबर वाले थाने पर पुराना प्लेस नजर आएगा या वहां पर किसी को रिप्लेस किया जाएगा।

# साइबर अपराध हमारी लापरवाही का नतीजा सतर्कता ही एकमात्र बचाव : अविरल गुप्ता

## ओटीपी शेयर न करें, असुरक्षित इंटरनेट से बचें: साइबर विशेषज्ञ






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अधिवक्ता परिषद ब्रज की गाजियाबाद इकाई द्वारा बार सभागार में 'साइबर अपराधः चुनौतियां एवं निवारण' विषय पर एक स्वाध्याय मंडल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं और कानूनी विशेषज्ञों ने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए आम जनमानस को जागरूक करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में संभल से आए मुख्य वक्ता व साइबर विशेषज्ञ अविरल गुप्ता ने कहा, साइबर अपराध काफी हद तक हमारी खुद की लापरवाही का नतीजा होते हैं।

उन्होंने सुरक्षा के बुनियादी नियम साझा करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में अपना ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। इसके साथ ही, सार्वजनिक या असुरक्षित इंटरनेट के माध्यम से नेट बैंकिंग का उपयोग करने से बचें। उन्होंने सलाह दी कि यदि कोई व्यक्ति साइबर फ्रॉड का शिकार होता है, तो उसे बिना देरी किए भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर मेल के जरिए इसकी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इससे पूर्व, कार्यक्रम की शुरूआत में युवा अधिवक्ता प्रीति गौतम ने विषय का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया। मंच का कुशल संचालन इकाई के उपाध्यक्ष संजीव त्यागी द्वारा किया गया। इस दौरान इकाई के महामंत्री अरुण कुमार ने 'न्याय प्रवाह' के नवीन सदस्यों का परिचय कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गाजियाबाद बार के अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी का विशेष सहयोग रहा। समारोह के अंत में श्रीमती श्रद्धा चौहान ने सभी अतिथियों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर संभल से आए महामंत्री प्रवीण गुप्ता, विष्णु शर्मा तथा मेरठ से आए पदम सिंह एवं स्पर्श रस्तोगी को उनके विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

इस स्वाध्याय मंडल में मुख्य रूप से श्रीमती आशा रानी, राजीव गुप्ता, ज्ञानेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष वंदना सिंह, सारिका त्यागी, सदर तहसील संयोजक विकास भदोरिया, सुनीता वर्मा, इकाई के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, आभा वर्मा, प्रमोद शर्मा, नीलम श्रीवास्तव, पूर्व बार सचिव नरेश चौधरी, वेदपाल कुशवाहा, मनोज सिसोदिया, सुमित चौधरी, नेपाल सिसोदिया सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### न्यायालय परिसरों में भी लगें जागरूकता होर्डिंग्स: श्रीहरि बोरीकर

**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री श्रीहरि बोरीकर ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए सामान्य जनता में जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। परिषद के कार्यकर्ता इसे एक अभियान के रूप में शुरू कर सकते हैं। उन्होंने एक महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि जो जागरूकता होर्डिंग्स वर्तमान में केवल साइबर थानों में लगे हैं, उन्हें न्यायालय परिसर में भी लगाया जाना चाहिए, ताकि वहां आने वाले आम लोग जागरूक हो सकें।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समर कूल चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी के साथ वृंदावन धाम में प्रभु भक्ति आस्था और श्रद्धा के साथ भजन पूजन अर्चन किया। संजीव गुप्ता ने अपनी इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। संजीव गुप्ता की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# किसानों का विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पंचायत निवाड़ी बिजली घर पर गुरूवार को क्षेत्र के किसानों ने बिजली कटौती व जर्जर विद्युत ढांचे को लेकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें सिंचाई और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने बताया कि निवाड़ी, पतला खिदौड़ा, मौहम्दपुर व झलावा सहित कई गांवों के खेतों में पुरानी और जर्जर बिजली की तारें लटकी हुई हैं, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। मौहम्मदपुर गांव में ट्रांसफार्मर पर कम लोड के कारण लगभग 15 किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

इसके अतिरिक्त, नगर पंचायत निवाड़ी में रात के समय लाइनमैन उपलब्ध न होने के कारण पूरी रात बिजली गुल रहती है। किसानों ने यह भी बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 15 से 20 बिजली के खंभे जर्जर हो चुके हैं और 11000 वोल्ट की लाइन के नीचे खड़े हैं, जिससे किसी भी समय बड़े हादसे का अंदेशा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वे मोदीनगर अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर बड़ा धरना प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सतेंद्र त्यागी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव रोहित त्यागी, युवा नेता अंकित त्यागी, वाइस चेयरमैन आदित्य त्यागी, गोलू त्यागी, सभासद विक्की त्यागी, मोंटी त्यागी, जगदीश, मंगेश्वर, राज प्रकाश त्यागी, ताहिर खान, देवांश त्यागी, आशीष, शुभम त्यागी, कपिल गर्ग, सुबोध कुमार, मदनलाल फौजी, सचिन कुमा निक्कू त्यागी, अफजल व ब्रह्मदत त्यागी आदि मौजूद रहे।

# शहर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शहर कांग्रेस कमेटी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वः राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्प समर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन ने कहा कि राजीव गांधी 40 साल की उम्र में भारत के प्रधानमंत्री बनने वाले सबसे युवा व्यक्ति थे। वे सिर्फ पाँच साल इस पद पर रहे, लेकिन इन पांच साल में भारत में सामाजिक न्याय, पंचायतीराज, आधुनिक टेक्नोलॉजी और विकास के एक नए युग का सूत्रपात हुआ।

पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश सुनील शर्मा ने कहां कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति, भारत में सूचना प्रौद्योगिकी, आईटी और दूरसंचार क्षेत्र का अग्रदूत माना जाता है। उन्होंने कंप्यूटर और टेलीकॉम तकनीक को बढ़ावा दिया। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स की स्थापना और एमटीएनएल (महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड) जैसे संस्थानों की शुरूआत उनके प्रयासों का हिस्सा थी।

उनकी नीतियों ने भारत को डिजिटल युग की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर चांद वीर चैधरी ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पंचायती राज और स्थानीय स्वशासन, राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। 1989 में 64वां और 65वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया, जिसने ग्रामीण और स्थानीय स्तर पर शासन को सशक्त करने की नींव रखी। हालांकि ये विधेयक उस समय पास नहीं हुए, लेकिन बाद में 73वें और 74वें संशोधन य1992द्ध में उनकी दृष्टि साकार हुई।

राकेश सोनी, रामकिशन शर्मा, ओमपाल शर्मा, आरिफ रिजवी, अनस सैफी, रजनी शर्मा, समसा बेगम, ममता, भिखारी लाल कश्यप, वेद प्रकाश कोरी, हरीश खुल्लर, जहूर खान, रहमान अहमद, शमशाद, आकाश तंवर, महेश दत्त शर्मा और कामेश शर्मा के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिलर से टकराई कार, दो युवकों की मौत

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गुरुवार की तड़के अनियंत्रित गति से आ रही एक कार नमो भारत पिलर से टकरा गई, हादसे से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस ने शवों को बाहर निकाला।

गुरूवार की तड़के यह यह हादसा मोदीनगर में मेरठ रोड स्थित ईएसआई अस्पताल के सामने हुआ। कार सवार सभी युवक दिल्ली से मेरठ की ओर लौट रहे थे। सुबह करीब पांच बजे मोदीनगर पहुंचते ही अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई और नमो भारत के पिलर से जा भिड़ी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा थी। टक्कर इतनी जोरदार थी, कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मेरठ के परतापुर निवासी रोहित अपने दोस्तों आदेश पुत्र संजय, हिमांशु कुमार, कुलदीप, आदेश व लोनी निवासी अंकित तिवारी दिल्ली गए थे। गुरुवार सुबह सभी मेरठ लौट रहे थे, कार अंकित तिवारी चला रहा था। ईएसआई अस्पताल के सामने पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलटी खा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकालकर एक नीजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आदेश व अंकित को मृत घोषित कर दिया। वहीं कुलदीप, रोहित, आदेश और हिमांशु की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की





मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा ने बताया कि हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि चार घायलों का मेरठ में इलाज चल रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि कार की रफ्तार काफी अधिक थी, जिसके चलते चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। यह कार परतापुर के कुंडा गांव निवासी संजय के नाम पर पंजीकृत है।

# कौन हैं अहमद वहीदी: ईरान-अमेरिका वार्ता में उभरा नया ताकतवर चेहरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान तनाव के बीच ईरान के जनरल अहमद वहीदी का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। रिवोल्यूशनरी गार्ड प्रमुख वहीदी अब सैन्य रणनीति और अमेरिका के साथ वार्ता में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन पर कई बड़े हमलों और 2022 के विरोध प्रदर्शनों पर कार्रवाई से जुड़े आरोप लग चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान की सख्त नीति के पीछे अब वहीदी सबसे ताकतवर चेहरों में शामिल हैं।

अमेरिका के साथ जारी युद्धविराम और परमाणु वार्ता के बीच ईरान में एक कट्टरपंथी सैन्य चेहरे का प्रभाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी अब अमेरिका के साथ संभावित समझौते और युद्ध खत्म करने को लेकर रणनीति तय करने वाले सबसे अहम नेताओं में शामिल माने जा रहे हैं। वहीदी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के





सीधे संपर्क में हैं। बताया जा रहा है कि फरवरी में इस्राइली हमलों में घायल होने के बाद खामेनेई सार्वजनिक जीवन से दूर हैं। ऐसे में ईरान की सत्ता के भीतर प्रभाव और नियंत्रण को लेकर खींचतान तेज हो गई है। अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं। युद्ध शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले तक वह सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आए थे। हालांकि गुरुवार को ईरानी अखबारों में उनकी तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वह तेहरान में पाकिस्तान के गृह मंत्री से मुलाकात करते दिखे। बताया गया कि पाकिस्तान की ओर से अमेरिका के साथ वार्ता को लेकर संदेश पहुंचाया गया था।

**वहीदी पर है कई आतंकी हमलों का आरोप**

वहीदी पर वर्षों से कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। उन पर 1994 में अर्जेंटीना के यहूदी सामुदायिक केंद्र पर हुए बम धमाके में भूमिका निभाने का आरोप है, जिसमें 85 लोगों की मौत और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

इसके अलावा 1996 में सऊदी अरब के खोबर टावर्स पर हुए हमले में भी उनका नाम जोड़ा गया, जिसमें 19 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। हालांकि ईरान ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है।

**वहीदी को इस युद्ध में सौंपी गई रिवोल्यूशनरी गार्ड की कमान**

इस साल युद्ध के शुरूआती दौर में अपने पूर्ववर्ती की मौत के बाद वहीदी को रिवोल्यूशनरी गार्ड की कमान सौंपी गई थी। अब वह ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसके पास बैलिस्टिक मिसाइलों का बड़ा जखीरा और फारस की खाड़ी में सक्रिय नौसैनिक क्षमता है।

## अमेरिका के साथ वार्ता में वहीदी की क्या भूमिका?

वॉशिंगटन स्थित इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर का कहना है कि वहीदी और उनके करीबी लोगों ने न सिर्फ युद्ध से जुड़ी सैन्य रणनीति बल्कि अमेरिका के साथ वार्ता की नीति पर भी नियंत्रण मजबूत कर लिया है। ईरान अब भी अमेरिका की उस मांग को मानने से इनकार कर रहा है, जिसमें उससे उच्च स्तर के समृद्ध यूरेनियम भंडार को छोड़ने के लिए कहा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, वहीदी की सोच बेहद टकराव वाली मानी जाती है। न्यूयॉर्क स्थित थिंक टैंक द सूफान ग्रुप के वरिष्ठ फेलो केनेथ कैट्जमैन ने कहा कि वहीदी अंतहीन प्रतिरोध की विचारधारा से आते हैं और उनका मानना है कि अमेरिका को हर मोर्चे पर चुनौती दी जानी चाहिए। जनवरी में वहीदी ने दावा किया था कि ईरान की सैन्य ताकत अब इतनी मजबूत हो चुकी है कि किसी भी दुश्मन के सैन्य हमले के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। अप्रैल में पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत हुई थी।

## ट्रंप की नीतियों के खिलाफ चीन-रूस मुखर, कहा- दुनिया बहुध्रुवीय हो रही है

**बीजिंग।** चीन और रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों की कड़ी आलोचना की है। शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का समर्थन करते हुए पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती दी और गोल्डन डोम योजना की भी निंदा की।

चीन-रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की है। बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शिखर वार्ता के बाद जारी साझा बयान में दोनों देशों ने खुद को बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था यानी ऐसी दुनिया के समर्थक के रूप में पेश किया, जहां किसी एक देश का दबदबा न हो। चिनपिंग ने बिना अमेरिका का नाम लिए कहा कि दुनिया में एकाधिकार और वर्चस्ववादी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। दोनों देशों को मिलकर एकतरफा दादागिरी का विरोध करना चाहिए और अधिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए।

# ट्रंप की नीतियों के खिलाफ चीन-रूस मुखर, कहा- दुनिया बहुध्रुवीय हो रही है

**बीजिंग।** चीन और रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों की कड़ी आलोचना की है। शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का समर्थन करते हुए पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती दी और गोल्डन डोम योजना की भी निंदा की।

चीन-रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की है। बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शिखर वार्ता के बाद जारी साझा बयान में दोनों देशों ने खुद को बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था यानी ऐसी दुनिया के समर्थक के रूप में पेश किया, जहां किसी एक देश का दबदबा न हो। चिनपिंग ने बिना अमेरिका का नाम लिए कहा कि दुनिया में एकाधिकार और वर्चस्ववादी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। दोनों देशों को मिलकर एकतरफा दादागिरी का विरोध करना चाहिए और अधिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी समकक्ष की इस बात को पुतिन ने रूस-चीन संबंधों के लिए अभूतपूर्व बताया। साथ



ही कहा कि एक बहुकेंद्रित दुनिया बनाने की जटिल प्रक्रिया आकार ले रही है और रूस-चीन साझेदारी अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थिरता का बड़ा आधार है। पुतिन-जिनपिंग ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। बीजिंग में पुतिन के ग्रेट हाल ऑफ द पीपल में औपचारिक स्वागत के बाद उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतरराष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं। ऐसे में लड़ाई रोकना बेहद जरूरी है। वहीं, पुतिन ने कहा, रूस और चीन संप्रभुता और राष्ट्रीय एकता जैसे मुख्य हितों की रक्षा के लिए साथ काम करेंगे।

## इंटरनेट सुरक्षा पर मंडरा रहा अब तक का सबसे बड़ा साइबर खतरा

**वॉशिंगटन/टोरंटो।** कनाडा स्थित साइबर सुरक्षा कंपनी इवोल्यूशनक्यू के सह-संस्थापक और सीईओ मिशेल मोस्का के अनुसार क्यू-डे वह समय होगा जब किसी देश, संगठन या विरोधी समूह के पास ऐसा क्वांटम कंप्यूटर होगा जो वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे क्रिप्टोग्राफिक कोड को तोड़ सकेगा। दुनिया की डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था एक ऐसे संभावित मोड़ की ओर बढ़ रही है, जिसे विशेषज्ञ क्यू-डे कह रहे हैं। यह वह दिन होगा जब क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि वे आज इंटरनेट, बैंकिंग, ईमेल, क्रिप्टोकरेंसी और सरकारी संचार की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल होने वाले एन्क्रिप्शन को बहुत कम समय में तोड़ सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव धीरे-धीरे नहीं बल्कि अचानक होगा यानी जो सिस्टम आज पूरी तरह सुरक्षित माने जा रहे हैं, वे एक झटके में असुरक्षित हो सकते हैं।

# न्यू मैक्सिको में रहस्यमयी पदार्थ के संपर्क में आने से तीन लोगों की मौत, कई राहतकर्मी प्रभावित

**वाशिंगटन।** न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस के अनुसार, अल्बुकर्क के पूर्व में स्थित एक ग्रामीण घर में चार लोग बेहोशी की हालत में मिले थे। इनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि चौथे व्यक्ति का इलाज अल्बुकर्क के एक अस्पताल में चल रहा है।




अधिकारियों ने बताया कि राहत अभियान के दौरान 18 आपातकर्मी भी उस अज्ञात पदार्थ के संपर्क में आ गए। इसके बाद उनमें मतली और चक्कर आने जैसे लक्षण दिखाई दिए। सभी को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी निगरानी की जा रही है।

स्टेट पुलिस के अधिकारी विल्सन सिल्वर ने बताया कि दो राहतकर्मियों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटनास्थल पर अल्बुकर्क फायर रेस्क्यू की टीम भी मौजूद है, जो उस पदार्थ की पहचान करने की कोशिश कर रही है। विल्सन सिल्वर ने कहा कि शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि यह पदार्थ संपर्क के जरिए फैल सकता है और फिलहाल इसे हवा के जरिए फैलने वाला नहीं माना जा रहा है।

जांच जारी रहने के बीच माउंटेनएयर के मेयर पीटर निएतो ने सोशल मीडिया पर कहा कि शुरूआती संकेत नशीले पदार्थों की ओर इशारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आम लोगों के लिए फिलहाल कोई खतरा नहीं है और घर के आसपास सुरक्षा घेरा बना दिया गया है।

हालांकि, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर समुदाय में बढ़ते नशे के इस्तेमाल को लेकर चिंता और नाराजगी जाहिर की। मेयर निएतो ने कहा कि स्थानीय पुलिस और राहतकर्मी रोजाना समुदाय की सुरक्षा और कठिन परिस्थितियों से निपटने के लिए काम करते हैं, लेकिन नशे और मादक पदार्थों की लत पूरे राज्य और देश की बड़ी समस्या बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि इस समस्या का कोई आसान या त्वरित समाधान नहीं है और स्थायी बदलाव के लिए परिवार का सहयोग, जवाबदेही, शिक्षा और मदद स्वीकार करने की इच्छा जरूरी है।

# ग्रीनलैंड में पहाड़ टूटने से उठी सुनामी तरंगों ने नौ दिन हिलाई थी धरती, वैज्ञानिकों ने सुलझाया रहस्य

**कोपेनहेगन/ग्रीनलैंड।** वैज्ञानिकों के अनुसार सितंबर 2023 में दुनिया भर के भूकंपीय सेंसरों ने एक असामान्य संकेत दर्ज करना शुरू किया। यह संकेत सामान्य भूकंप जैसा नहीं था। हर 92 सेकंड पर एक समान कंपन रिकॉर्ड हो रहा था और यह क्रम लगातार 9 दिनों तक जारी रहा। इसकी तरंगें अलास्का से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक पृथ्वी की चट्टानों में दर्ज की गईं।

लगातार नौ दिनों तक दर्ज वैश्विक भूकंपीय तरंगों का रहस्य वैज्ञानिकों ने सुलझा लिया है। अध्ययन से पता चला है कि ग्रीनलैंड के डिक्सन फियोर्ड में सितंबर 2023 में पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर जलक्षेत्र में गिरने से करीब 650 फीट ऊंची अनुमानित मेगा-सुनामी पैदा हुई थी, जिसके असर से दुनिया भर में लगातार 9 दिनों तक भूकंपीय संकेत दर्ज किए गए।



वैज्ञानिकों के अनुसार यह घटना जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने और आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ती भू-वैज्ञानिक अस्थिरता का गंभीर संकेत है।

डिक्सन फियोर्ड ग्रीनलैंड के पूर्वी हिस्से में स्थित एक संकरा समुद्री जलमार्ग है, जो ऊंची चट्टानों और ग्लेशियरों से घिरा हुआ है। फियोर्ड दरअसल समुद्र की ऐसी लंबी और संकरी खाड़ी को कहा जाता है, जो हजारों वर्षों पहले ग्लेशियरों द्वारा चट्टानों को काटकर बनाई गई हो। इसमें समुद्र का पानी भीतर तक घुसा रहता है और दोनों ओर खड़ी पहाड़ियां होती हैं।

**70 से ज्यादा वैज्ञानिकों के समूह ने सुलझाई गुत्थी:** साइंस एंड नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित अध्ययनों तथा अर्थ स्नैप की रिपोर्ट के अनुसार इस रहस्यमयी घटना को समझने के लिए दुनिया भर के 41 संस्थानों से जुड़े 70 से अधिक वैज्ञानिकों ने सैटेलाइट डाटा, भूकंपीय रिकॉर्ड और उन्नत कंप्यूटर मॉडलिंग का उपयोग किया। वैज्ञानिकों के अनुसार सितंबर 2023 में दुनिया भर के भूकंपीय सेंसरों ने एक असामान्य संकेत दर्ज करना शुरू किया। यह संकेत सामान्य भूकंप जैसा नहीं था। हर 92 सेकंड पर एक समान कंपन रिकॉर्ड हो रहा था और यह क्रम लगातार 9 दिनों तक जारी रहा। इसकी तरंगें अलास्का से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक पृथ्वी की चट्टानों में दर्ज की गईं।

विशेषज्ञों ने बताया कि सामान्य भूकंपों में अनियमित और तीव्र भूकंपीय पैटर्न दिखाई देते हैं, जबकि इस घटना में तरंगों का क्रम बेहद नियमित था। शुरूआती दिनों में वैज्ञानिक यह समझ नहीं पाए कि यह संकेत आखिर किस कारण उत्पन्न हो रहा है। हालांकि यह घटना सितंबर 2023 में हुई थी, लेकिन इसकी वास्तविक वजह और पूरी वैज्ञानिक तस्वीर अप्रैल 2026 में सामने आ सकी।

# 'सिर्फ जन्मजात अमेरिकी ही संभालें सत्ता'

## अमेरिकी संसद ने प्रस्ताव पेश, जमकर हो रहा विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्राकृतिक नागरिकों को बड़े सरकारी पदों से रोकने के प्रस्ताव पर विवाद छिड़ गया है। रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस के इस प्रस्ताव को डेमोक्रेट्स ने नस्लवादी और भेदभावपूर्ण बताया है। आइए विस्तार से जानते हैं। अमेरिका में प्राकृतिक रूप से नागरिकता हासिल करने वाले लोगों के अधिकारों को लेकर नई बहस छिड़ गई है। रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने एक संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें प्राकृतिक रूप से अमेरिकी नागरिक बने लोगों को कांग्रेस सदस्य, संघीय न्यायाधीश और सीनेट की पुष्टि वाले महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त होने से रोकने की मांग की गई है। इस प्रस्ताव को लेकर डेमोक्रेटिक नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे नस्लवादी, घृणित और विदेशी मूल के लोगों के खिलाफ बताया है। प्राकृतिक रूप से नागरिकता का मतलब है कि कोई व्यक्ति जन्म से उस देश का नागरिक न हो, लेकिन बाद में कानूनी प्रक्रिया पूरी करके उस देश की नागरिकता हासिल कर ले।



साउथ कैरोलिना की सांसद मेस ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय से लंबित संवैधानिक संशोधन पेश किया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति बनने के लिए पहले से ही नेचुरल बॉर्न सिटिजन यानी जन्म से अमेरिकी नागरिक होना जरूरी है, इसलिए यही नियम कांग्रेस, संघीय अदालतों और सीनेट से मंजूर होने वाले पदों पर भी लागू होना चाहिए।

मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें उमर सोमालियाई मूल की अमेरिकी हैं, जबकि जयपाल और थानेदार भारतीय मूल के नेता हैं।

**लोगों की निष्ठा अमेरिका के प्रति होनी चाहिए- मेस**

मेस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका के कानून लिखने वाले, न्यायाधीशों की पुष्टि करने वाले और दुनिया के सामने अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों की निष्ठा सिर्फ अमेरिका के प्रति होनी चाहिए, किसी दूसरे देश के प्रति नहीं।

**सब पर पड़ेगा इस प्रस्ताव का असर:** हालांकि, इस प्रस्ताव का असर केवल डेमोक्रेट्स तक सीमित नहीं रहेगा। अमेरिका की कांग्रेस में ऐसे 26 सदस्य हैं जो विदेश में जन्मे हैं, जिनमें कुछ रिपब्लिकन सांसद भी शामिल हैं। डेमोक्रेटिक सांसदों ने इस प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की। भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल ने इसे संकीर्ण सोच, विदेशी विरोधी मानसिकता और अमेरिका के इतिहास का अपमान बताया।

# पीओके में मारा गया पुलवामा हमले का गुनहगार हमजा बुरहान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद में पुलवामा हमले में कथित तौर पर शामिल आंतकी हमजा बुरहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हालांकि, इस घटना की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी है। यह घटना मुजफ्फराबाद में हुई, जहां उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं। गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

वह 2017 में यह कहकर पाकिस्तान गया था कि वह उच्च शिक्षा के लिए जा रहा है, लेकिन बाद में वह आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और जल्दी ही कमांडर बन गया।

## मुजफ्फराबाद में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी



### कैसे मारा गया हमला?

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुजफ्फराबाद के एआईएसएस कॉलेज के बाहर हमजा की कार सड़क पर जाम में फंसी हुई थी, तभी हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलवार बाइक से आए थे और उन्होंने बुर्का पहन रखा था।

अल-बद्र में शामिल होने के बाद वह कश्मीर लौटा। उस पर दक्षिण कश्मीर में युवाओं को कट्टरपंथ की ओर ले जाने और उन्हें आतंकी संगठनों में शामिल करने का आरोप था। उसका नेटवर्क मुख्य रूप से दक्षिण कश्मीर में सक्रिय था। हमजा बुरहान को केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में आतंकवादी घोषित किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तान में हमजा अपनी पहचान छिपाने के लिए एक स्कूल में प्रिंसिपल के तौर पर काम कर रहा था। अपने लोगों के बीच वह डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध था।

हमजा ने कश्मीर में रहने के दौरान उसने पुलवामा से शोपियां तक अपना नेटवर्क फैलाया। उसकी मौत को पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वह उन प्रमुख लोगों में से था जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तान-आधारित आतंकी संगठनों के लिए काम करते थे। हमजा मारे गए आतंकियों अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी था।

### कौन है हमजा बुरहान?

- रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुरहान का असली नाम अजुर्मंद गुलजार डार है।
- हमजा बुरहान पुलवामा के रत्नीपोरा का रहने वाला था।
- 2017 में पाकिस्तान जाकर हमजा आतंकवादी संगठन अल बद्र में शामिल हो गया।
- अल बद्र को भारत में एक आतंकवादी संगठन के तौर पर लिस्ट किया गया है
- हमजा अल बद्र के कमांडर के तौर पर काम कर रहा था।
- भारत के गृह मंत्रालय ने 2022 में उसे एक आतंकवादी घोषित कर दिया था।

### पुलवामा हमले में बलिदान हुए थे 40 जवान

14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ बस पर आत्मघाती हमला हुआ था। एक हमलावर ने विस्फोटकों से भरी एक कार सीआरपीएफ के काफिले से टकरा दी थी। इस हमले में 40 भारतीय जवान बलिदान हो गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। यह हमला देश में हुए सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक था। कहते हैं कि विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि मीलों दूर तक सुनी गई थी औ सड़क पर काफी गहरा गड्ढा हो गया था।

22 May -26 page 8 5/21/2026 10:55 PM Page 1






# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम

## राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रोजगार मेले में बांटे नियुक्ति पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शास्त्री नगर स्थित विजय कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने चयनित दिव्यांगजनों को नियुक्ति एवं प्रशस्ति प्रमाणपत्र प्रदान किए। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया। कार्यक्रम में ऑटोमोबाइल पार्ट्स निर्माण क्षेत्र की कंपनी स्पार्क मिंडा ने सहभागिता की।

कंपनी के नोएडा स्थित संयंत्रों में चयनित दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। मेले में कुल 61 दिव्यांगजनों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 13 अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने आठ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति एवं प्रशस्ति प्रमाणपत्र वितरित किए। प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों में सूरज कुमार, हरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, अभिषेक बच्चन, अशुतोष कुमार सिंह, राहुल पाल, अनिल कुमार एवं अमित कुमार तिवारी शामिल रहे।

### दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की दिशा में सरकार कर रही कार्य : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** अपने संबोधन में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने दिव्यांगजनों को आरक्षण, कल्याणकारी योजनाओं तथा रोजगारपरक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग पेंशन को 1000 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए किए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने विभाग की दुकान निर्माण योजना सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


### स्पार्क मिंडा कंपनी की पहल की सराहना

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने स्पार्क मिंडा द्वारा दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की सराहना की। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों की भागीदारी से दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिल रही है। कार्यक्रम में विजय कॉलेज ऑफ एजुकेशन की संचालिका ममता चौधरी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान, स्पार्क मिंडा टीम का नेतृत्व कर रहीं अंजली, कंपनी के अन्य पदाधिकारी, कॉलेज स्टाफ एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# फ्लाईओवर पर मौत का खतरा टला, यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### टूटे जॉइंट चैनल को कराया दुरुस्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत गाजियाबाद यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित एलिवेटेड रोड पर खतरनाक स्थिति में पड़े क्षतिग्रस्त जॉइंट चैनल को ठीक कराया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के अनुसार, एलिवेटेड रोड पर कनावनी उतर के पास जॉइंट चैनल लंबे समय से उखड़ा हुआ था, जिससे सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को लगातार खतरा बना हुआ था। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता था। यातायात पुलिस को लगातार मिल रही शिकायतों और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए मौके का निरीक्षण किया गया। जांच में सामने आया कि क्षतिग्रस्त चैनल के कारण वाहन असंतुलित हो रहे थे और हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा था।




### सुरक्षा पर दिया गया ध्यान

**करंट क्राइम :** इसी को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस ने संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया। कार्रवाई के दौरान उखड़े हुए जॉइंट चैनल को व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से ठीक कराया गया और सड़क की ऊंचाई को भी बराबर किया गया, ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों में कमी लाना है। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा से जुड़े हर छोटे-बड़े खतरे को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने भी यातायात पुलिस की इस पहल की सराहना की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते यह मरम्मत नहीं होती तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। यातायात पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि सड़क पर कहीं भी गड्ढा, टूट-फूट या अन्य खतरनाक स्थिति दिखाई देने पर तुरंत पुलिस और संबंधित विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले पूर्व भगवा कमिश्नर त्यागी जी ने घर पर आये प्रदेश वाले अमित जी को कराया अहसास? बोले आप बहुत ही हैं हमारे खास? हमें हैं अब कुछ बनने की आपसे ही आस? मुस्कुराकर अमित जी ने कहा हम उपर तक रखेंगे आपकी बात? ये सब सुनकर त्यागी जी के समर्थक का कहीं हो रहा था दिल भारी? वो बोला होना था तो तभी कुछ हो जाता त्यागी जी का? जब अमित जी थे गाजियाबाद के प्रभारी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा महानगर संगठन के यादव जी का अंदाज है निराला? उनका जो पंसद आता है वही उठाते हैं वो निवाला? सुना है कुछ इसी तरह का है उनका फोन उठाने का भी अंदाज? जबतक मन नहीं हो तब तक वो नहीं करते हैं सामने वाले से बात? यकीन नहीं आता तो आप पूछ लो कोषाध्यक्ष जी से इस बारे में बात? वो मिला रहे हैं लगातार कई दिनों से यादव जी को फोन? कमाल है कि सामने से अभी तक उन्हें सुनाई दी हो हैलो वाली टोन?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको एक बात बता रहे हैं कमाल? इंदिरा जी एरिया वाले धीरज जी एक मामले में धीरज रखने की नहीं पेश कर पा रहे हैं मिसाल? बदल दिये हैं उन्होंने अब तक अपने पांच ऑफिस? भले ही उनके कार्यकाल को ना पूरे हुए हों पांच साल? कहने वाले ने कहा लगता है कुछ ही दिन में भर जाता है उनका एक ही ऑफिस से मन? अगर उनकी यहीं आदत है तो लगता है अगली बार वो मैम्बर बनने का भी नहीं बना पायेंगे मन?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इंदिरा जी वाले एरिये में हमने देखा पूर्व वाले भगवा कमिश्नर बक्शी और शुक्ला बैठे थे साथ साथ? हम देख रहे थे कि कार्यक्रम पूरे शबाब पर था, मगर दोनों आपस में नहीं कर रहे थे बात? उपर से हो गया ये और सितम? आयोजक बोले चीफ गेस्ट को आप दोनों मिलकर माला पहना दो, ऐसा ही है हमारा मन? सुना है बक्शी जी ने यहां पर दिल को दरिया और मन को कर लिया समन्दर? माला पहनाकर उन्होंने मानी आयोजकों की बात? मगर शुक्ला जी जस के तस ही रहे? उन्होंने ये निवेदन स्वीकार नहीं किया साहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के मैम्बर हसबैंड मिस्टर भाटी को एक बात नहीं लगी ठीक? सुना है उनके वार्ड में मंत्री जी आकर एक कार्यक्रम से चले गये? मगर भाटी जी को सूचना की खबर नहीं मिली गलत या सटीक? सुना है वो किसी को करा रहे थे प्रोटॉकोल वाली बात का अहसास? कह रहे थे कि तकरारें अपनी जगह? मगर आयोजकों को करना चाहिए था अपने स्थानीय मैम्बर को याद?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमिश्नर हेमराज ने क्यों लिया अध्यक्ष जी को निशााने पर ? ये बात तैयार नहीं है कई बार पूछने के बाद वो बताने पर? सुना है संगठन से लेकर कई चेहरों ने असली नाम उनसे जानने का किया प्रयास? मगर वो भूल गये ये वो हेम है जो जल्दी से नहीं खोलते हैं राज? तमाम प्रयासों के बावजूद भी उन्होंने नहीं किया राज उजागर? वो सबकुछ तो बता चुके थे अध्यक्ष जी का नाम छुपाकर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हेम ने फेसबुक पर आकर लिखा अध्यक्ष जी का नाम? तब कहने वाले ने कहा कि ये एक महामंत्री को उनके एरिये में पावर देने के ईफैक्ट हैं श्रीमान? ये महानमंत्री उनके एरिये की सब कमियों को कर रहे हैं ठीक? वहां अहसास करा रहे हैं कि तुम व्यक्ति के नहीं पार्टी के हो? तुम्हारे ये अंदाज ही है ठीक? सुना है यहीं से शुरू हुआ है सारा प्रतिशोध? करने वाले कर रहे हैं इस मैटर में अपने अनुसार शोध?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मिस्टर हेम के तेवर नहीं दिख रहे हैं फिर भी शांत? सुना है उन्होंने अपनी टीम के एक महान मंत्री और एक उपाध्यक्ष की वैलिडिटि खत्म कर दी है श्रीमान? दे दिया है अपनी टीम के बाकी मैम्बरों को संदेश? इन दोनों की जगह कोई और ही रखेंगे हम टीम में फेस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जो हुआ किंग सिटी के भगवा कमिश्नर से सवाल कि आप सूचना देने में नहीं रखते हो अपने यहां के मैम्बर का ख्याल? ये सुनकर भगवा कमिश्नर ने कर दिये एक झटके में तमाम सबूत पेश? व्हाट्सअप खोलकर दिखा दिये उन्होंने भेजे गये संदेश? जब संदेशों को देखा तो उसमें स्पष्ट दिखाई दे रही थी नीले रंग वाली रिसिविंग की लाईन? वो बोले हमें खुद पता नहीं क्यों नही लग रही उनको हमारी वर्किंग फाईन? वो चाहेंगे तो हम उनको घर पर पहुंचकर भी दे देंगे सूचना? हम नहीं चाहते हैं ये गलतफहमी बनें? हम नही चाहते हैं उनको पूछना?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पटेल वाले मोहल्ले में चल रहा है खेल? क्या मोहल्ले के ग्रुप पर चल रही है शब्दों की महाभारत? नहीं थम रही अधिकारों की आग? पानी के मोटर से लेकर सफाई कर्मचारी तक फैल गई है आग? सुना है सीनियर सिटिजन से लेकर कॉंग्रेस वाले दे रहे हैं सलाह? यूं आपस में टकराने से नहीं होता है भला?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# वार्ड 73 में एकता पार्क के फुटपाथ और सौंदर्यीकरण कार्य का महापौर सुनीता दयाल ने किया उद्घाटन





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 73 के बी ब्लॉक स्थित एकता पार्क में क्षेत्रीय जनता को जल्द ही एक सुंदर और आधुनिक पार्क की सौगात मिलने जा रही है। गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल ने नारियल फोड़कर पार्क में फुटपाथ निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया।

इस विकास कार्य के शुरू होने से स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह है। पार्षद के अनुरोध पर मिली स्वीकृति जानकारी के अनुसार, एकता पार्क की बदहाल स्थिति को देखते हुए स्थानीय पार्षद राजीव भाटी ने महापौर से इसके जीर्णोद्धार का अनुरोध किया था। पार्षद की मांग को प्राथमिकता देते हुए महापौर सुनीता दयाल ने इस कार्य को तत्काल स्वीकृति प्रदान की, जिसके बाद आज इस परियोजना का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और कॉलोनी के बुजुर्ग, महिलाएं व युवा एकत्र हुए।

स्थानीय जनता ने इस ऐतिहासिक सौगात के लिए महापौर सुनीता दयाल और पार्षद राजीव भाटी का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और आभार जताया। पार्क में फुटपाथ बनने और सौंदर्यीकरण होने से बच्चों को खेलने और बुजुर्गों को सुबह-शाम टहलने व बैठने की बेहतर और सुरक्षित सुविधा मिल सकेगी। यह हमारे क्षेत्र के लिए एक बेहद जरूरी काम था। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष साईराम, तेजपाल शर्मा, भौमिक निलेश मित्तल, रामबीर शर्मा, पंडिता गजराज भाटी, पार्षद प्रतिनिधि युग गुर्जर, सुनील भाटी, आशुतोष बंसल, दीपक त्यागी, पालीवाल जी, सिसोदिया जी, प्रताप ठाकुर, ब्रह्मपाल हरिदत्त आदि लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी : हांफने लगे ट्रांसफार्मर, ठंडा रखने के लिए लगाए 'कूलर'

## मोदीनगर और मुरादनगर में बिजली विभाग द्वारा तक 20 कूलर किए स्थापित





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** आसमान से बरसती आग और रिकॉर्ड तोड़ते तापमान के बीच आम जनता ही नहीं, बल्कि बिजली के उपकरण भी हांफने लगे हैं। भीषण गर्मी और भारी लोड के कारण ओवरहीटिंग की समस्या से जूझ रहे बिजली के ट्रांसफार्मरों को फूंकने से बचाने के लिए विद्युत निगम ने कुलर की व्यवस्था की गई है। मोदीनगर और मुरादनगर के मुख्य बिजलीघरों में अब बड़े ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए बाकायदा कूलर लगाए गए हैं। दरअसल, गर्मियों में लगातार चल रहे एसी और कूलरों के कारण बिजली की मांग चरम पर है। इससे ट्रांसफार्मर चौबीसों घंटे भारी लोड पर चल रहे हैं और उनका तेल उबलने लगता है। अत्यधिक गर्म होने पर इंसुलेशन फेल होने और आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। इसी से निपटने के लिए यह कदम उठाया गया है ताकि बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती से स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। अधीक्षण अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते बिजली के ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए मुरादनगर एवं मोदीनगर में कूलरों की व्यवस्था की गई है। अभी तक दोनों क्षेत्रों को मिलाकर कुल 20 कूलर स्थापित किए जा चुके हैं। लगातार तापमान पर नजर रखी जा रही है, जैसे ही पारा और बढ़ेगा, जरूरत के अनुसार कूलरों की संख्या और बढ़ा दी जाएगी। विद्युत निगम की इस तत्परता की स्थानीय लोग भी सराहना कर रहे हैं, क्योंकि इससे गर्मियों में होने वाले लंबे पावर कट और तकनीकी फॉल्ट से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है।

# मसूरी थाने में लगा वाटर कूलर

## समाजसेवी अजय गुप्ता ने कराया स्थापना कार्य

### भीषण गर्मी में थाने आने वाले लोगों को मिलेगा ठंडा पेयजल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच थाना मसूरी में समाजसेवी अजय गुप्ता द्वारा वाटर कूलर लगवाया गया। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत थाना परिसर में लगाए गए इस वाटर कूलर का उद्घाटन थाना प्रभारी अजय चौधरी ने किया।

इस दौरान उपस्थित लोगों को लड्डू का प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया गया तथा नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। वक्ताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में थाने आने वाले आम लोगों को अब ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

इस अवसर पर एसआई सरवन गौतम, वरिष्ठ समाजसेवी वी.के. अग्रवाल, संजीव कुमार, राकेश कुमार, पवन सिंघल, राकेश काका, सतीश कुमार, भटनागर जी एवं एसयूजी टीम के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि पुलिस कमिश्नर रविंद्र जे. गोड की प्रेरणा से गाजियाबाद जिले के थानों का स्वरूप लगातार बेहतर हो रहा है और जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। थाना प्रभारी अजय चौधरी ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### समाजसेवा में लगातार सक्रिय हैं अजय गुप्ता

**करंट क्राइम।** समाजसेवी अजय गुप्ता लंबे समय से जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर एवं पेयजल व्यवस्थाएं कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अजय गुप्ता बिना किसी प्रचार-प्रसार के लगातार सामाजिक कार्यों में योगदान देते रहे हैं। थाना मसूरी में लगाया गया वाटर कूलर भी उनकी जनहित सोच का एक उदाहरण माना जा रहा है।

## बिलासपुर में अंधा मोड़ बना हादसों का कारण

बिलासपुर । कस्बे में राजेंद्र इंटर कॉलेज और बस स्टैंड के बीच मुख्य दनकौर-सिकंदराबाद मार्ग पर बना एल-टाइप मोड़ लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। स्थानीय लोग इस मोड़ को 'अंधा मोड़' बता रहे हैं, जहां दोनों ओर से तेज गति से आने वाले वाहन अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मोड़ पर न तो कोई चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं और न ही स्पीड ब्रेकर या अन्य सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस कारण वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाता और हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि इस मोड़ पर लाल रिफ्लेक्टर लगाना बेहद जरूरी है, ताकि रात के समय वाहन चालकों को मोड़ की जानकारी मिल सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यहां हादसों का सिलसिला लगातार जारी है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। राजेंद्र इंटर कॉलेज पास में होने के कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रोजाना इसी मार्ग से गुजरते हैं। इसके अलावा यहां विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह द्वारा बस शेल्टर भी बनवाया गया है, जहां यात्री बसों का इंतजार करते हैं। ऐसे में यहां खड़े यात्रियों और छात्रों के साथ किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## नोएडा के डूब क्षेत्र के कबाड़खाने में भीषण आग, छह दमकल गाड़ियों ने पाया काबू, कोई जनहानि नहीं

**नोएडा।** थाना फेज-2 क्षेत्र के ककराला गांव के डूब क्षेत्र में स्थित एक कबाड़खाने में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते उसने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया गया कि भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आग लगने की घटनाओं में इजाफा हो रहा है।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, सौंपी गई वोटर लिस्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेंट्रल मार्केट (पुराना बस अड्डा) स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर गुरुवार को देश के सबसे युवा पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि मात्र 40 वर्ष की उम्र में देश के प्रधानमंत्री का गौरव प्राप्त करने वाले राजीव गांधी भारत में संचार व कंप्यूटर क्रांति के रचयिता थे।

नेताओं ने वर्तमान केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, जिस समय राजीव गांधी देश में कंप्यूटर लेकर आए थे, उस समय आज सत्ता में बैठे लोगों ने इसका पुरजोर विरोध किया था और दावा किया था कि इससे बेरोजगारी फैलेगी। आज वही लोग राजीव गांधी की इस संचार क्रांति की विरासत का दुरुपयोग कर सत्ता में बैठे हैं, लेकिन इसके असली जनक का नाम कहीं नहीं लिया जाता। वक्ताओं ने यह भी याद दिलाया कि युवाओं को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार देने का ऐतिहासिक फैसला भी राजीव गांधी ने ही लिया था।

श्रद्धांजलि सभा के बाद संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी तैयारियों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। कार्यक्रम के अंत में सभी मंडल और बूथ अध्यक्षों को भौतिक सत्यापन के लिए वोटर लिस्ट सौंपी गई। जिला अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि हर वार्ड और बूथ के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर मतदाता सूची की व्यक्तिगत रूप से जांच करेंगे। इस जांच के बाद एक वास्तविक रिपोर्ट तैयार कर जिला अध्यक्ष को सौंपी जाएगी, जिसे बाद में आपत्ति या अनापत्ति के साथ जिलाधिकारी कार्यालय में दर्ज कराया जाएगा। ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित : कार्यक्रम का कुशल संचालन अश्वनी त्यागी द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुशांत गोयल, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, पार्षद सुनील चौधरी, सलमान मंसूरी, एनएसयूआई अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, मोहम्मद इरफान, रियाज अहमद सैफी, आबिद, आशुतोष गुप्ता और जिला मीडिया प्रभारी पंडित सुरेंद्र दोसा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा जयप्रकाश दुबे, पन्नालाल शर्मा, राजीव शर्मा, हरपाल सिंह, धीरेंद्र ध्यान, धर्मवीर, जाकिर हुसैन, सीमा, नजमीन, रूबी मलिक, हाजी खुर्शीद खान, शाहरुख, राजू शर्मा, हरेंद्र सिंह बाबा, आशीष त्यागी, मयंक त्यागी, अमित शर्मा, अरविंद गौतम, महेश चंद, श्रीपाल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन 'जब तक सूरज चांद रहेगा, राजीव तेरा नाम रहेगा' और 'राजीव गांधी अमर रहें' के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।